संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -344 मंगलवार,17 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

» 4 राज्यों से 94 करोड़ कैश, 8 करोड़ के हीरे,
» 30 से ज्यादा लग्जरी घड़ियां,
» एक अरब से ज्यादा सम्पत्ति जप्त
» सरकारी ठेकेदारों तथा 'रियल स्टेट' करोबारियों के खिलाफ छापे



**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
आयकर विभाग ने आज बड़ी कारवाई करते हुए सरकारी ठेकेदारों और रियल एस्टेट कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी चार राज्य कर्नाटक, तेलंगाना, दिल्ली और आंध्र प्रदेश में की गई। आयकर विभाग की टीम ने एक साथ 55 से अधिक ठेकेदारों और रियल एस्टेट डेवलपर्स के ठिकानों पर दबिश दी जिसमें विभाग ने 94 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी जब्त की है।
इस छापेमारी के दौरान 94 करोड़ रुपये नकद, 8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के आभूषण और महंगी 30 लक्जरी घड़ियां भी इस छापेमारी में जब्त की है। विभाग द्वारा यह तलाशी 12 अक्टूबर को शुरू की गई थी और इस दौरान विभाग ने बेंगलुरु और पड़ोसी राज्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ शहरों के साथ-साथ दिल्ली में 55 परिसरों में भी रेड मारी थी।

### छापे में लगभग 102 करोड़ की जब्ती

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'तलाशी के परिणाम स्वरूप लगभग 94 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और 8 करोड़ रुपये से अधिक के सोने और हीरे के आभूषण, कुल मिलाकर 102 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती हुई है। आरोपियों की पहचान उजागर किए बिना सीबीडीटी ने बताया, इसके अलावा, एक निजी वेतनभोगी कर्मचारी के परिसर से लगभग 30 लक्जरी विदेशी कलाई घड़ियों का कलेक्शन भी बरामद किया गया।

### खर्च अधिक दिखाकर आय कम बताई

विभाग के द्वारा की गई छापेमारी में दस्तावेजों की हार्ड कॉपी और डिजिटल डेटा भी जब्त किया गया है। इससे पता चलता है कि इन आरोपियों ने ना केवल कर चोरी की बल्कि ठेकेदारों ने फर्जी खरीदारी के साथ खर्चों को बढ़ाकर अपनी आय को कम दिखाया है।
छापेमारी के दौरान माल रसीद नोट (जीआरएन) सत्यापन में विसंगतियों मिली हैं और कई दस्तावेजों में भारी विसंगतियां पाई गई हैं। दावा किया गया कि ये ठेकेदार गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बुकिंग खर्चों में भी शामिल थे।



## गर्भ में पल रहे बच्चे को दुनिया में आने की मिली इजाजत

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
सुप्रीम कोर्ट ने अजन्मे बच्चे को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। दरअसल आज सुप्रीम कोर्ट में एक महिला की तरफ से दायर 26 हफ्ते के गर्भ गिराने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने 26 हफ्ते की गर्भवती विवाहिता के गर्भ को गिराने पर जो फैसला लिया है उसे अभी सुरक्षित रखा गया है।
वहीं, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने महिला के स्वास्थ्य जांच का आदेश दिया था। आज कोर्ट में पेश की गई एम्स की नई रिपोर्ट में बताया गया है कि गर्भ में पल रहा बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है, बच्चा किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य समस्या से ग्रस्त नहीं है।महिला गर्भावस्था के बाद मानसिक परेशानी से जूझ रही है, लेकिन इसके लिए जो दवाई वो ले रही है, उसका बच्चे की सेहत पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा है। महिला को दूसरी वैकल्पिक दवाइयां देने की भी सलाह दी गई है।

## हैदराबाद में चुनाव आयोग का छापा

» चुनाव आयोग ने 48.32 करोड़ रुपये नकद,37.4 किलो सोना, 365 किलो चांदी और 42. 203 कैरेट के हीरे किये जब्त
» चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू



**हैदराबाद,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
देश में 5 राज्यों में चुनाव का बिगुल बज चुका है और सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार काम में जुट गई हैं। चुनाव प्रचार से लेकर कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में करने, उनके लिए पार्टियां और पैसे बांटने तक की प्लानिंग की जा रही है। ये चुनाव मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में हो रहे हैं।
तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए स्थानीय प्रभुत्वशाली क्षेत्रीय पार्टियों ने जोर लगा दिया है और बीजेपी और कांग्रेस भी मजबूती से मैदान में उतर आई हैं। इस दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में पैसे, सोना और शराब की बोतलें जब्त की हैं।
चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही तेलंगाना में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। प्रशासन भी नियमों को लागू करने के लिए तैयार है। चुनाव में गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस तंत्र काम में जुट गया है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक पुलिस ने 75 करोड़ रुपये नकद, सोना और बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है।
चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने 48.32 करोड़ रुपये नकद, 37.4 किलो सोना और 365 किलो चांदी जब्त की है। साथ ही, 42. 203 कैरेट के हीरे भी जब्त किए गए हैं। इन कीमती सामानों की कुल कीमत 17.50 करोड़ है।
चुनाव अधिकारियों ने राज्य और अंतरराज्यीय सीमाओं पर 4.72 करोड़ रुपये की 1,33,832 लीटर शराब, 2.48 करोड़ रुपये का 900 किलोग्राम गांजा, 627 साड़ियां, 43,700 किलोग्राम चावल, 80 सिलाई मशीनें, 87 कुकर और दो कारें जब्त की हैं। चुनाव के दौरान दक्षिण भारत में शराब, सिलाई मशीन, साड़ियाँ और कुकर सहित घरेलू सामान का वितरण आम है। इसलिए चुनाव आयोग इन घटनाओं पर नजर रख रहा है।

## निठारी हत्याकांड के दोनों दोषियों की फांसी की सजा रद्द

» 19 मई 2022 को सीबीआई कोर्ट ने दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी



**इलाहाबाद,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
राजधानी दिल्ली के पास नोएडा में हुए निठारी हत्याकांड मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है। पायल हत्याकांड मामले में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंधेर को दी गई मौत की सजा रद्द कर दी गई है। दोनों को नैतिक तस्करी अधिनियम के तहत दोषी पाया गया।
इस मामले में सिमरनजीत कौर को भ्रष्टाचार के मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था। 19 मई 2022 को सीबीआई कोर्ट ने दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी। अब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दोषी सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर की मौत की सजा को रद्द कर दिया है।
आज इलाहाबाद कोर्ट में हुई सुनवाई में 12 मामलों में सुरेंद्र कोली और 2 मामलों में मोनिंदर सिंह पंढेर को दी गई मौत की सजा रद्द कर दी गई। हाईकोर्ट में दोनों आरोपियों की 14 अर्जियों पर सुनवाई हुई। पुख्ता सबूतों और गवाहों के अभाव में कोर्ट ने दोनों दोषियों को दी गई मौत की सजा रद्द कर दी।
इसके अलावा 2017 में गाजियाबाद की एक विशेष सीबीआई अदालत ने पिंकी सरकार हत्याकांड में सुरेंद्र कोली और पंढेर को मौत की सजा सुनाई थी। इससे पहले गाजियाबाद की एक विशेष अदालत ने निठारी हत्याकांड में कारोबारी मोनिंदर सिंह पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को दोषी ठहराया था।
न्यायाधीश पवन कुमार तिवारी ने सुरेंद्र कोली और मोनिंदर पंढेर को मौत की सजा सुनाई। यह मामला पिंकी सरकार की हत्या से जुड़ा है। इस मामले में पंढेर और कोली को अपहरण, बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया था।
सुरेंद्र कोली उत्तराखंड का रहने वाला है और वह मोनिंदर सिंह पंढेर के घर पर काम करता था। 2004 में जब पंढेर का परिवार पंजाब चला गया, तो घर में केवल पंढेर और कोली ही रहते थे। इन दोनों को एक ही बंगले में की गई हत्या और बलात्कार के लिए मौत की सजा सुनाई गई।

## शिवकुमार को लगा बड़ा झटका

### सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर रोक हटाने से किया इनकार

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ जांच पर कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई अंतरिम रोक को हटाने से इनकार कर दिया।



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने शिवकुमार को एक नोटिस जारी कर उनसे सीबीआई की अपील पर जवाब देने को कहा। इससे पहले, जुलाई में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता के खिलाफ सीबीआई जांच पर अंतरिम रोक लगाने के कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।
फरवरी में, उच्च न्यायालय ने शिवकुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और जांच एजेंसी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था। 2017 में आयकर विभाग द्वारा की गई तलाशी के बाद शिवकुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था।

## दुबई से भारत आया महादेव आनलाइन सट्टा एप्प का बड़ा बुकी गिरफ्तार

### खुलेंगे डी कंपनी के राज



**मुंबई/रायपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर से संचालित होने वाले महादेव आनलाइन सट्टा एप के संचालक में से एक बुकी को यूपी पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार से किया है। यूपी पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से रतलाम के युवक मृगांक मिश्रा को गिरफ्तार किया है, जो पिछले एक साल से दुबई में रह कर महादेव आनलाइन सट्टा एप में हवाला के जरीए आने वाले पैसों को हेंडिल कर रहा था। उस पर 1630 फर्जी अकाउंट खुलवाकर करोड़ों की ठगी करने का आरोप है।
आरोपी मृगांक मिश्रा पर ईडी, प्रतापगढ़ और रतलाम पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया हुआ था। वह 13 अक्टूबर को मुंबई होकर रतलाम जाने के लिए आया था। मिली जानकारी के अनुसार महादेव आनलाइन सट्टा एप के मामले में प्रतापगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर सभी खातों को फ्रीज कर दिया था।
पुलिस के अनुसार फ्रीज किए गए खातों में 3.88 करोड़ से अधिक की रकम थी। इन चारों ने ही मृगांक के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। प्रतापगढ़ पुलिस ने रतलाम पुलिस को भी बताकर मृगांक पर नजर रखने कहा। रतलाम पुलिस के मुताबिक मृगांक के पिता अनिल मिश्र और परिजन पीवम अपार्टमेंट रतलाम में रहते हैं। और मृगांक, कांदीवली ईस्ट आक्टा केस्ट अपार्टमेंट, 703 मुंबई में रहता था।

## महुआ मोइत्रा ने निजी तस्वीरें सामने आने के बाद भाजपा ट्रोलर्स की आलोचना की



### बोलीं-बाकी लोगों को भी रात में खाना खाते हुए दिखाएं

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि उन्हें अपनी कुछ निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होते देखकर 'सबसे ज्यादा खुशी' हुई, जबकि उन्होंने इसके लिए भाजपा के ट्रोलर्स को जिम्मेदार ठहराया। महुआ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा की ट्रोल सेना द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही मेरी कुछ निजी तस्वीरों को देखकर सबसे ज्यादा खुशी हुई। मुझे सफेद ब्लाउज की तुलना में हरे रंग की पोशाक ज्यादा पसंद है। और क्रॉप करने की चिंता क्यों करें ङ्क बाकी लोगों को भी रात में खाना खाते हुए दिखाएं।
बंगाल की महिलाएं जीवन जीती हैं। झूठ नहीं बोलतीं। उनकी यह टिप्पणी उनकी कुछ निजी तस्वीरों के एक्स पर ऑनलाइन आने के बाद आई है, जिसमें वह कांग्रेस नेता शशि थरूर के साथ नजर आ रही थीं और उनके हाथ में सिगार भी था। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिसे अब हटा दिया गया है, उन्होंने कहा ="मैं धूम्रपान नहीं करती। मुझे सिगरेट से गंभीर एलर्जी है। मैं सिर्फ एक दोस्त का सिगार लेकर मजाक कर रही थी। तृणमूल कांग्रेस सांसद संसद में अपने उग्र भाषणों के लिए जानी जाती हैं और उन्हें सांसदों के बीच एक स्टाइल स्टेटमेंट के रूप में भी देखा जाता है। यह पहली बार नहीं है, जब वह विवादों में आई हैं, इससे पहले वह महंगे लुई वुइटन बैग को लेकर खबरों में थीं।

## महिला को जूतों की माला पहनाकर परेड कराने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बेलगावी ,16 अक्टूबर 2023(ए)।** हनी ट्रैपिंग के संदेह में एक महिला को जूतों की माला पहनाकर घुमाने के मामले में कर्नाटक पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।



अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अर्जुन गुंडव्वागोल के रूप में हुई। पुलिस ने महिला पर हमला करने वाले अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है। हनी ट्रैपिंग के संदेह में स्थानीय लोगों ने पीड़िता को जूतों की माला पहनाकर बेलगावी जिले के एक गांव में घुमाया। यह घटना शुक्रवार देर रात गोकक शहर के पास घटप्रभा मृत्युंजय इलाके में हुई।महिला पर हनी ट्रैपिंग का आरोप लगने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों के खिलाफ महिला से मारपीट करने और उसका जुलूस निकालने की शिकायत पर केस दर्ज किया। आरोपी अर्जुन गुंडव्वागोल ने पीड़िता पर हनी ट्रैपिंग में शामिल होने का आरोप लगाया था।
वह अपने साथियों के साथ पीड़िता के घर में घुस गया था और उससे पूछताछ की थी। बाद में, उसे उसके घर से बाहर खींच लिया गया और उसके सहयोगियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। उसे चप्पलों की माला पहनाई गई और घटप्रभा मृत्युंजय सर्कल के पास परेड कराई गई।
बाद में महिला को पुलिस स्टेशन ले जाया गया और समूह ने पुलिस से उसके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़िता ने एक युवक को हनीट्रैप में फंसाया और पैसे वसूले। मामले की आगे की जांच जारी है।

## अब कैदी भी पार्टनर के साथ कर सकेंगे रोमांस

» पंजाब की जेलों में यह सुविधा शुरू, दिल्ली सरकार ने भी गृह मंत्रालय में भेजा प्रस्ताव



**चंडीगढ़/नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023(ए)।**
शायद ही किसी ने इस बात की कभी कल्पना भी की होगी कि जेलों में अब पति-पत्नी एकांत में समय बिता पाएंगे। जी हां, पंजाब में जेलों में बंद कैदियों को अब एक ऐसी सुविधा मिलनी शुरू हो गई है, जिसकी चर्चा हर जगह हो रही है। यहां की जेलों में उनके लिए खासतौर से एक कमरा बनाया गया है। इस कमरे में मुलाकात के दौरान वह शारीरिक संबंध भी बना सकते हैं। आपको यह जानकर हैरानी हो रही होगी, लेकिन यही सच्चाई है।

### क्या है कैदियों के अनुभव

एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरजीत सिंह (गोइंदवाल जेल में बंद कैदी) ये सुविधा उठानेवाला सबसे पहला कैदी है। उसने बताया कि जेल में कैदी अकेलापन महसूस करता है और अवसाद में रहता है, लेकिन पिछले दिनों जब मेरी पत्नी मुझसे मिलने आई तो हमने एक कमरे में एकांत के कुछ घंटे बिताए। उन्होंने कहा, ÷यह मेरे लिए बड़ी राहत की बात थी।÷
गुरजीत सिंह हत्या के मामले में सजा काट रहा है। इस नई सुविधा के लिए वह पंजाब सरकार का शुक्रिया अदा कर रहा है। यहां आपको यह भी बता दें कि पंजाब अब जेल के अंदर एकांत में पति-पत्नी को मिलने की सुविधा देने वाला पहला राज्य बन गया है। पंजाब की इस जेल में मिलने वाली सुविधा की हर तरफ खूब चर्चा हो रही है। खास बात यह भी है कि पति-पत्नी इस मुलाकात के दौरान शारीरिक संबंध भी बना सकते हैं।

### अब तक क्या होता आया है?

पंजाब में पहले कैदियों को किसी भी मिलने आने वाले वाले से शारीरिक संपर्क की इजाजत नहीं थी। जो भी मिलने आता था वे एक निश्चित दूरी पर खड़े होकर बात कर सकते थे। इस दौरान उनके बीच एक शीशे की दीवार भी होती थी। गुरजीत सिंह ने कहा कि अब सरकार शादीशुदा जोड़ों को जेल में प्राइवेट मुलाकात की इजाजत दे रही है, जिसका हमें लाभ लेना चाहिए।

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में आप को आरोपी बना सकता है ईडी

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू की। इस दौरान शीर्ष अदालत को बताया गया कि ईडी इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने पर विचार कर रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए एएसजी एस.वी. राजू ने कहा कि उन्हें यह कहने का निर्देश दिया गया है कि ईडी आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच में आप को आरोपी बनाने पर विचार कर रहा है। सिसौदिया का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनते हुए पीठ ने 4 अक्टूबर को ईडी से पूछा था कि जब ईडी का पूरा मामला पार्टी के लाभार्थी होने का था तो आप को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। अगले दिन, पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केवल एक कानूनी प्रश्न उठाया था। पीठ ने कहा था, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमारा कल का प्रश्न किसी को फंसाने के लिए नहीं था। मान लीजिए कि अभियोजन पक्ष के अनुसार यदि ए पर मुकदमा नहीं चलाया जा रहा है तो क्या बी या सी पर मुकदमा चलाया जा सकता है? अदालत मंगलवार को फिर से जमानत याचिका पर सुनवाई शुरू करेगी।



CMYK

संपादकीय

## एक जैसा ही मानदंड अपनाइए

चीनी धन हर रूप में भारतीय हितों के खिलाफ है, तो आखिर देश की बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु।

एक बिजनेस अखबार ने अपने पहले पेज पर प्रमुखता से एक ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो सामान्य दिनों में खबर मानी भी नहीं जाती। भूमंडलीकरण के बाद के दौर में विभिन्न देशों की कंपनियों में अन्य देशों के बैंकों या कंपनियों का निवेश एक आम चलन है। इसके बावजूद इस रिपोर्ट ने ध्यान खींचा, तो उसकी वजह मौजूदा संदर्भ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की किन कंपनियों में अभी भी हजारों करोड़ रुपए का चीन के केंद्रीय बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) का निवेश है। इन कंपनियों में इन्फोसिस, आईसीसीआईसी बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, मारुति सुजूकी, एशियन पेन्ट्स आदि शामिल हैं। यह विवरण ठीक उस समय आया है, जब वेबसाइट न्यूजक्लिक पर ऐसा अनुदान लेने के मामले में यूएपीए जैसे सख्त कानून के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें चीनी धन होने का भी संदेह है। यह तथ्य भी जरूर स्पष्ट कर लेना चाहिए कि भारत में मीडिया कारोबार में विदेशी धन आना भी अब प्रतिबंधित नहीं है।

न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने एक ऐसे श्रीलंकाई मूल के अमेरिकी उद्योगपति की संस्था से चंदा लिया, जिसका कारोबार चीन में भी है और जो वामपंथी विचार वाले मीडिया संस्थानों की कई देशों में मदद करता है। इसलिए यह इल्जाम लगाया गया है कि न्यूजक्लिक चीन के प्रचार-तंत्र का हिस्सा है। ये सारे आरोप अभी न्यायिक कार्यवाही में साबित होने हैं। लेकिन यह मुद्दा अभी हमारे सामने है कि अगर चीनी धन हर रूप में भारत के हितों के खिलाफ है, तो आखिर उन बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को अब तक क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु। अगर शत्रु मानती है, तो फिर बेशक उसके साथ तमाम तरह के संबंध और संवाद तोड़ लिए जाने चाहिए। लेकिन चीन से रिश्ता के मामले में अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग मानदंड अपनाना समस्याग्रस्त है।

# अंतःशुद्धि का महापर्व है नवरात्रि





रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।

नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मो को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गई थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतर नवरात्र अंतरशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## शरद ऋतु की छाई सिहरन

आई है शरद ऋतु छाई सिहरन है।
प्रकृति में दिखते छबि कणकण है।
फूल-कली तरुवर दिखते मगन है।
हरीभरी तृण में मोती कणकण है।
बाग में बागीचों में रौनकता आई है।
चहुँ दिसि सुरभित सुषमा समाई है।
डाली-डाली विहंग वृंद चहचहाई है।
तरु में तड़ाग में तटिनी उड़ आई है।
भोर सुरम्य दिखे छबि मनोहारी है।
ओस की बूंदें झलके बड़ी प्यारी है।
फाहों की उड़ती दिखे धरा सारी है।
हिम की धवल धरा दिखते न्यारी है।
जल में सरोवर में फुले दल कमल है
करते भ्रमण अलि तितली निश्चल हैं
लगे मनमोहक अतिशय छबि दल है
करते मकरंद मधु पान में ये मचल है



अशोक पटेल आशु
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## माँ ब्रह्मचारिणी

अपन मन ल लगाहूँ,
माता तोर चरन म।
रात-दिन सेवा करके,
रइहूँ तोर सरन म।।
सादा लुगरा पहिन के
जंगल म तप करे।
जपे बर कंठी माला
अउ कमण्डल धरे।।
अगास तरी बरसा
अउ घाम के दुख सहे।
अपरना भवानी भूखे-पियासे
उपास रहे।।
पति पाए खातिर भोला म
मन रमाए ओ।
नारी मन म भक्ति के
अलख जगाए ओ।।
तैंय सीखाए हमला
नित करे बर सामना।
कभू अंतस ल कोनो ल
नइहे डगमगाना।।
भारी मेहनत ले मिलही
सबो ल सफलता।
तुमन बस करम करत
चलत रहव पढ़हंता।।
जीवन म मंगल, सुख
अउ समृद्धि मान।
किरपा करके सर्व सिद्धि
के देबे बरदान।



अशोक कुमार यादव
मुंगेली, छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मैंने तो नहीं बुलाया

माता आयी माता आयी है
पर कहाँ? किसके घर?
चौक-चौराहे शोर होने लगी
हल्ला मची गौर होने लगी
घर-घर बहूँ सोचने लगी
निज गृह में न आये
मस्तक स्वेद पोछने लगी
पट खोल-खोलके देखती
रिश्ता-नाता में परखती
क्या आने को निकल गयी?
जानने को मन व्याकुल हुई
फिर पति से पड़ताल किया
बिन कारण रोग पाल लिया
तभी द्वारे-द्वारे आ धमकी
गरम हवा संग बिजली चमकी
भर्ता ने फिर जवाब दिया
वामा से वार्तालाप किया
मैंने तो नही बुलाया है
किस मकसद से आया है
वृद्ध माँ तो अंतर्यामी है
भाँप लिए सब खामी है
द्वार से निज माता जा रही
दूजा आश्विन शुक्ल में आ रही।।




चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## शैलपुत्री



पर्वतराज हिमालय के,
घर बेटी एक आई।
दाएं हाथ में त्रिशूल,
बाएं हाथ में कमल लाई।
वृषभ है वाहन इसका,
इसलिए वृषारूढ़ा कहलाई।
प्रथम नवरात्रि पर जगत ने,
शैलपुत्री की ज्योत जलाई।।



सोनल मंजू श्री ओमर
राजकोट, गुजरात

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# यत्र नार्यस्तु पूज्यंते तत्र रमन्ते देवता



टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद छत्तीसगढ़

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता ह देवभाषा संस्कृत म लिखाय ये हर युग अउ हर लोक के चिर-परिचित अमरवानी आय। ये अजर-अमर शब्दावली के सारथकता म कोनों ल संदेह नइ हे, काबर कि बछर-सौ-बछर के बात का...सदी अउ युग ले ये बात इस्पस्ट हे कि नारी-वंदन, पूजन अउ मान-सम्मान के ठउर म ही देवता मन के वास होथै; अउ तभे तो एक सामान्य पुरुष हर नारी के संग, सानिध्य अउ कृपा ले ही अपन पुरुषत्व ल प्राप्त करथै। राजा हरिश्चंद्र के सत्यवाद अउ दानशीलता म उँकर जीवनसंगिनी रानी तारामती के सहयोग वियर्थ नइ होइस, श्रीरामवनगमन म भार्या सीता के वनजवई त्रेतायुगीन अमरकथा ल सारथक करथै अउ पांचाली द्रौपदी के संग रहे ले ही पांडव दिग्विजय कहलाइन। अइसना हमर वेद, पुराण अउ हर कालान्तर ऐतिहासिक घटनाक्रम ह ÷यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते तत्र रमन्ते देवता÷ ले नारी महत्व ल पूरा करथैं।

येसो हम सब इक्सवीं सदी के इक्सवाँ नवरात्र परब मनावत हन। हमर ये लोकपरब नवरात्र परमसक्ति आराधना के परब आय। ये समय छत्तीसगढ़ अंचल के गाँव-देहात अउ शहर-नगर म दुर्गा, भवानी, काली, चंडी आदि के नाम ले एक अदम्य-परमशक्तिस्रोत विद्यमान रथै। निजी अउ सार्वजनिक जगा म जोति-कलस अउ जग-जवाँरा स्थापित करे जाथै। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जथै। आस्था, विश्वास अउ भक्ति जन-जन के हिरदय म वास करथैं। शरद-गरम मिश्रित पुरवाई ह पीतवर्ण दिवस अउ शीतल उगोना रात म लोगन ल श्रद्धा-भक्ति के एहसास कराथै। हमर ग्रामीण अंचल म नवरात्रपरब म लोगन दैवीय आराधना म रमे रथैं। नवरात्र भर लोगन म प्रेम, मेलमिलाप, शांति, एकता, भाईचारा जइसे मानवीय गुण देखे बर मिलथै। आहू एक सच आय कि लोगन हर श्रद्धा-भक्ति ले दैवीय शक्ति प्राप्त कर के अपन हर मनोकामना पूरन करथँय नवरात्रपरब मा।

हम बछर म दू घाँव नवरात्रपरब मनाथन- कुवाँर म शारदेय-नवरात्र अउ चईत म चइत-नवरात्र। नौ दिन तक श्रद्धा-भक्ति पूर्ण अलग-अलग नाम ले नारी शक्ति के पूजन, वंदन अउ आराधना करथन। पूर्ण समर्पितभाव ले अपन आराध्यदेवी के समक्ष अपन कामना रखथन; अउ सुफल प्राप्त घला करथन। येकर ले एक बात अउ स्पष्ट होथय कि दुनिया म हर आदमी प्रकृति ले एक निश्चित शारीरिक शक्ति ले के जनम लेथै; याने शक्तिहीन कोनों आदमी नइ राहै। तभो ले हर आदमी ह एक अतिरिक्त शक्ति के, चाहे वो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आर्थिक या फिर आध्यात्मिक हो, के लालसा रखथै। अउ ये अतिरिक्त शक्ति लालसा दैवीय पूजन ले ही निश्चित होथै- जइसे कि द्वापरशिरोमणि श्रीकृष्णचंद्रजी हर स्वयं परमात्मा रिहिन। असीम शक्तिस्रोत रिहिन। अपन शक्ति ले मनवांछित जग परिवर्तन कर सकत रिहिन; पर वो हर महाभारत युद्ध के पहिली पार्थ अर्जुन ल माँ दुर्गा के पूजन-वंदन करवाइन, काबर कि वो जानत रिहिन कि अर्जुन बर दुर्गापूजन अर्थात् शक्ति आराधना बहुत जरुरी हे। आखिर म युद्ध होइस अउ अर्जुन याने पांडवपक्ष के जीत होइस। ये आय दैवीय शक्ति आराधना के सकारात्मक प्रतिफल। सच हे-

नारी ले नर होइस,
फेर होइस नारायण।
जग म एक शक्ति आइस,
प्रेम-सनेह कर्त्तव्यपरायण।

मनखेप्राणी के जिनगी के गाड़ी हर नर अउ नारी जइसे दू चक्का ले ही ढूलथै। कउनों एक चक्का के पाँघर (कमजोर होय ले) परे ले जिनगी पाँघर पर जथै। महतारी, बेटी, बहिनी, पत्नी जइसे अउ कतको रूप म बेटाजात ल नारीजात ले भरपूर सहयोग मिलथै। ये सबो बात ल सबो हर जानथँय ; तभो ले आजकल कोनों दिन के अखबार नइ होवत होही, जेमा नारी दुष्कर्म के जिक्र नइ होवत होही। ये समस्त मनुखजाति बर एक गम्भीर प्रश्न आय। आज अइसे लागथय कि नारीजात ल पुरुषजात ले धोखा, हिंसा अउ आत्महत्या जइसे अमानवीय कुकृत्य मुफत म मिलथै। कोरा के नोनी से ले के चौंथापन के सियनहीन आज असुरक्षित हें, तब हमर नवरात्रपरब मनई हर काँह तक सार्थक हवै, सोचनीय हे। मनखेपना हर तब अउ जादा शर्मिंदगी महसूस करथै; जब नवरात्रपरब के बखत ही जम्मो नारीदुष्कर्म देखे-सुने ला मिलथै, जेकर नौ रूप के पूजन-वंदन होथै।

**नौ दिवस तक पूजा होथे,**
**जउन ऊपर श्रद्धा सुमन चघाथे।**
**ये कइसे भक्ति कलजुग के,**
**एक रूप के सील चोराथे।**

आज समाज म नारीजाति के सुरक्षा बहुत जरूरी हे। उँकर शान के रक्षा बहुत जरूरी हे। नारी सम्मान ले ही घर-परवार, समाज अउ राष्ट्र के प्रगति सम्भव हे। नारीजाति के अलंकृत होय ले ही समाज सुसज्जित हो पाही। तभे हमर नवरात्रपरब मनई हर सनहन परही, नहिं ते सब बियर्थ हे। कोनों पुरुष के पौरुष के उत्थान म नारी-सहभागिता कउनों भूले के जिनीस नोहे। जेन नारी हर उवत सुरुज संग जाग के मँझनिया तक पछीना म फीजे रथे; अउ रतिहा हम ला जेवन जेवाथे, तेन ल हम जानन, समझन अउ परखन; ताहन फेर रोज नवरात्र हे।

**नारी एक पीयूष स्रोत ए,**
**अमृतधार अस बोहावन देवव।**
**हरदम आँखी म आँसू रहिथे,**
**अब तो जी भर हाँसन देवव।**

# 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए,लेकिन नहीं हटी गरीबी

दुनियाभर में फैली गरीबी के निराकरण के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने साल 1992 में हर साल 17 अक्टूबर को विश्व स्तर पर गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय आंदोलन एटीडी फोर्थ वर्ल्ड के संस्थापक जोसेफ रेसिंस्की की मृत्यु के चार साल बाद, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिवस को मनाने की घोषणा की। जोसेफ रेसिंस्की ने पेरिस में लगाये गये गरीबी उन्मूलन अभियान के मूल स्मारक पत्थर पर उत्कीर्ण पाठ में जहां भी पुरुषों और महिलाओं को अत्यधिक गरीबी में रहने की निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन कहा और यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना कि इन अधिकारों का सम्मान किया जाए, हमारा गंभीर कर्तव्य है।

गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन दुनिया में विकास की अमाप्य ऊंचाइयों को छूते हुए इस संकट का और अधिक गहराया जाना, चिन्तनीय एवं विडम्बनापूर्ण है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए हम देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य के सुनहरे स्वप्न को आकार देते हुए स्वल्प समय में गरीबी के कलंक को मिटाने हेतु सार्थक प्रयत्न किये हैं। फिर भी गरीबी कायम है क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं रूस-यूक्रेन, एवं इजरायल-हमास जैसे युद्धों में लगी है और लग रही है। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।



आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस भारत में आजादी के अमृतकाल में पहुंचने के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है।

सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही हैं कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। शहर सीमेन्ट और सरियों का जंगल हो गया है। मशीन बने सब भाग रहे हैं। मालूम नहीं खुद आगे जाने के लिए या दूसरों को पीछे छोड़ने के लिए। कह तो सभी यही रहे हैंङ्कबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस खतरे को महसूस किया, जबकि लोकतंत्र को हांकने वालों को इसे पहले महसूस करना चाहिए।

गरीबी के अनेकों चेहरे हैं जो व्यक्ति, स्थान और समय के साथ बदलते रहते हैं। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। विश्व में सुरसा की तरह मुँह फैलाती हुई गरीबी शासनतंत्र की विफलता का भी द्योतक हैं। क्योंकि गरीबी से संबन्ध सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष की मासिक या सालाना आय से नहीं बल्कि स्वास्थ्य, राजनीतिक भागीदारी, देश की संस्कृति और सामाजिक संगठनों की उन्नति से भी है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है और अविकसित एवं निर्धन राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। प्राचीन संस्कृत साहित्य में कहा गया है कि दरिद्रता दुःखतर है और उसके साथ जुड़ा दुःख है संतान का आधिक्य। दरिद्रता की पीड़ा और संतति के आधिक्य की पीड़ा- दोनों ओर से आदमी पीड़ित है। महान् दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने महावीर का अर्थशास्त्र पुस्तक में गरीबी उन्मूलन की व्यापक चर्चा करते हुए उसे दूर करने के सार्थक एवं प्रभावी उपाय प्रस्तुत किये हैं।

सरकार की गलत नीतियों, खराब कृषि और बेरोजगारी की वजह से लोगों को भोजन की कमी से जूझना पड़ता है। यही कारण है की महंगाई ने भी पंख फैला रखे हैं। वहीं भारत में बढ़ती जनसंख्या भी गरीबी का एक प्रमुख कारण है। अधिक जनसंख्या मतलब अधिक भोजन, पैसा और घर की जरूरत। मूल सुविधाओं की कमी के कारण गरीबी ने तेजी से अपने पांव पसारे हैं। अत्यधिक अमीर और भयंकर गरीब ने अमीर और गरीब के बीच की खाई खोद रखी है। सरकार भी ऐसे ही लोगों को गरीब मानती है जिनकी वार्षिक आय सरकार के निर्धारित आंकड़ों से कम हो। लेकिन गरीबी केवल आर्थिक ही नहीं होती। दार्शनिक गरीब उसको मानता है जो भयभीत है, जो थक गया है, जो अपनी बात नहीं कह सकता। साधारण आदमी, झोंपड़ी में रहने वाले को गरीब और महल में रहने वाले को अमीर मानता है। खैर! यह सत्य है कि गरीब की कोई सर्वमान्य परिभाषा नहीं है। तब गरीबी की रेखा क्या? क्यों है? गरीबी को खत्म करने में जो चीज सबसे अहम है वो है असमानता को दूर करना। अगर ऐसा नहीं होता है तो गरीबों के लिए विकास का कोई मतलब नहीं होगा।

एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में यह गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की गई। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया। जे. पी. ने जाति धर्म से राजनीति को बाहर निकालने के लिए 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। जो उनको दी गई श्रद्धांजलि के साथ ही समाप्त हो गया। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। गरीबी उन्मूलन अभियान ने नया मोड़ लिया है कि जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते हैं, वे सत्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैसे समतामूलक एवं संतुलित समाज का सुनहरा स्वप्न साकार होगा? कैसे मोदीजी का नया भारत निर्मित होगा?

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## नित नयी ऊंचाइयों पर प्रभा श्री-काव्य गोष्ठी का मंच

**वाराणसी, 16 अक्टूबर 2023।** काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। इस सप्ताह कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम दीपिका कोठारी (ऐशबर्न, अमरीका), मधु मधुलिका (ग़ाज़ियाबाद), अम्बुज ऊषानंदन (प्रयागराज), अखिल मिश्रा (हरदोई)। सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। सबने भावुकता के साथ (कीर्तिशेष) पुष्पा अवस्थी स्वाती जी को काव्य के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोताओं में हरदा के नामी ग़ज़लकार जयकृष्ण चांडक ने अपनी रचनाओं से वाहवाही बटोरी । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की रचनाओं के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती के बहुमूल्य आशीर्वचन की छत्रछाया में उनके उद्देश्य को पूरित करने का लक्ष्य लिए हुए प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके । यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी एवं माँ स्वाती जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रूप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह मंच साप्ताहिक है, प्रतिभाग करने के इच्छुक कवि प्रियंका गीत जी से संपर्क कर सकते हैं।



प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# 100 फीट के रावण का होगा दहन,होगी भव्य आतिशबाजी

» सरगुजा सेवा समिति व नागरिक समिति की संयुक्त बैठक में हुआ निर्णय

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

दशहरा महोत्सव की तैयारी जोरों पर है, सरगुजा सेवा समिति व नागरिक समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में वर्षों से अंबिकापुर में दशहरा महोत्सव मनाया जाता है वह इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव की तैयारी जोरो से चल रही है।महोसव को लेकर सरगुजा सेवा समिति व नागरिक समिति की संयुक्त बैठक स्थानीय होटल पर्पल आर्किड में संपन्न हुई जिसमें सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।सभी की सहमति से दशहरा महोत्सव में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा बनाई गई जिसमें इस वर्ष रावण की लंबाई बढ़ा कर 100 फिट करने का निर्णय लिया गया व आतिशबाजी के बजट में भी बढ़ोतरी की गई, इस बार आतिशबाजी शिवाकाशी की टीम द्वारा की जाएगी जो की अंबिकापुर में पहली बार होगा। शोभायात्रा पर भी अनेकों निर्णय लिए गए इस बार की शोभायात्रा में झांकियां की संख्या के साथ-साथ और भी आकर्षक चीजों को जोड़ा जाएगा,साथ ही शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाने आमजन से शामिल होने की अपील भी की जाएगी।महोत्सव के अंतर्गत रामचरितमानस प्रतियोगिता 17 व 18 अक्टूबर को शिशु मंदिर स्कूल के हाल में निर्धारित किया गया,व शैला नृत्य प्रतियोगिता 21 अक्टूबर को कला केंद्र मैदान में रखा जाएगा ,इस वर्ष प्रतियोगिताओं में मिलने वाली ईनाम की राशियों में भी बढ़ोतरी की गई है।इसी प्रकार और भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष रजनी रविशंकर त्रिपाठी, नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ,अखिलेश सोनी,भारत सिंह सिसोदिया,राजेश अग्रवाल,कृष्ण कुमार अग्रवाल,प्रकाश साहू,मुकेश अग्रवाल, ललन प्रताप सिंह,,राजू अग्रवाल,जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, संजय अग्रवाल,शुभम अग्रवाल,संजय मित्तल,राजीव विश्वकर्मा, राकेश गुप्ता,नरेंद्र सिंह टुटेजा,चंद्र प्रताप सिंह, जयशंकर त्रिपाठी, राजेश कश्यप, प्रयागराज साहू, अनिल चटर्जी, बजरंग जिंदल, विद्यानंद मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता, राकेश शुक्ला , महेंद्र अग्रवाल,रणविजय सिंह तोमर,विजय बंसल,श्याम कुमार शर्मा ,महेंद्र अग्रवाल, मंजूषा भगत, मधु चौदाहा ,सीमा कश्यप, प्रीति सिंह राजपूत, बबली नेताम ,प्रियंका चौबे ,पूजा सोनी, नीलम राजवाड़े , किशोर शर्मा, नीरज अग्रवाल, जितेंद्र सोनी, आतिश शुक्ला ,देवेश त्रिपाठी, दीपक अग्रवाल, दिनेश कुमार शर्मा ,आशीष मंगल, सुधाकर सिंह ,देवेश शुक्ला ,सुभाष मल साहू,दिव्यांश केसरी,मुकेश सोनी व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# बच्चों को दी गई आग से सुरक्षा व बचाव की जानकारी



- संवाददाता -
राजपुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

सोमवार को डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, पतरातु में बच्चों को आग से सुरक्षा व बचाव की जानकारी दी गई । आग क्या है, आग लगने का कारण, आग से बचाव, आग लगने के समय सावधानियाँ इत्यादि प्रश्नों के साथ शुरू हुआ फायर सेफ्टी डेमॉन्सट्रेशन ।

गौरतलब है कि अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन के तहत अग्निशमन अधिकारी रविंद्र टौंक जी के द्वारा शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अग्निशामक उपकरणों की जानकारी दी गई तथा उन्हें उपकरणों के इस्तेमाल करने का सही तरीका भी समझाया गया । आग लगने के दौरान उस पर कैसे काबू पाना है और अपने साथ-साथ किसी दूसरे को भी कैसे सुरक्षित किया जा सकता है । इन सभी चीज़ों की जानकारी क्रियात्मक ढंग से व विस्तारपूर्वक दिया गया । वास्तव में अग्निशामक यंत्र एक सक्रिय अग्नि सुरक्षा उपकरण है, जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में आग पर काबू पाने के लिए किया जाता है । दर असल, अग्निशामक यंत्र से जो सूखा पाउडर निकलता है वो मोनो अमोनियम फास्फेट होता है ।

प्राचार्य आशुतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि अगर कहीं आग लगने की खबर मिले तो हमें हिम्मत व सावधानी से काम लेना चाहिए । अगर घर में ऐसी घटना सामने आती है और तत्काल मौके पर अग्निशामक यंत्र उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में प्राथमिकतानुसार हमें रेत या कोई मोटे कम्बल को भिगोकर आग पर डालना चाहिए, इससे बहुत हद तक आग पर काबू पाया जा सकता है।

इस दौरान बच्चे बेहद सक्रियता से सीखते नज़र आए तथा एक बच्चे ने अपने फीडबैक में कहा कि इस तरह की शैक्षिक गतिविधि हमारे जीवन में हमेशा उपयोगी साबित होती है । आज हमने जो सीखा है, उसके प्रति हम हमेशा जागरूक बने रहेंगे।

# अस्पताल के डिस्मेंटल भवन में चल रहा था जीर्णोद्धार का काम,हो गया ध्वस्त

» मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था निर्माण कार्य

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कई भावन जो वर्षो पुराने बने हुए हैं। जो पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा पूर्व में ही पुराना पैथोलैब, पुराना लेबर वार्ड सहित अन्य भावनों को डिस्मेंटल घोषित कर दिया गया है। इसके बावजूद भी अस्पताल प्रबंधन व सीजीएमएसी द्वारा डिस्मेंटल घोषित किए गए भवनों को जीर्णोद्धार कराकर उपयोग में लाया जा रहा है। जिससे कभी भी हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है। डिस्मेंटल घोषित किए जा चुके पुराने लेबर वार्ड भवन पर सीजीएमएसी द्वारा जीर्णोद्धार कर नए भवन का रूप देने का कार्य चल रहा था। कार्य पिछले कई दिनों से कराया जा रहा था। चारों तरफ दीवारों का पुराने प्लास्टर उखाड़कर नए प्लास्टर किया जाना था। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे तीन से चार कर्मचारी पुराने वारिंग को हटा रहे थे। तभी अचानक पूरी भवन का छत व दीवार भर-भराकर गिर गया। गनीमत थी की इस दौरान वहां पर और कोई माजूद नहीं था। मजदूरों ने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। डिस्मेंटल घोषित किए गए पुराने लेबर वार्ड की जगह पर आईसोलेशन वार्ड का निर्माण कराना था। पर सीजीएमएसी व अस्पताल प्रबंधन द्वारा जर्जर भवन को ही जीर्णोद्धार कराकर आईसोलेशन का निर्माण कराने की तैयारी चल रही थी। इसके लिए कई दिनों से काम चल रहा था। पूरी भवन की दीवार का पुराने प्लास्टर हटा कर नए प्लास्टर किया जाना था।



# मां दुर्गा पूजन समिति द्वारा प्रतापपुर में किया गया मां दुर्गा की मुर्ति स्थापित

- संवाददाता -
प्रतापपुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड के द्वारा माता रानी का लगातार 20 वर्षो से माता रानी का भाव है दरबार सजाया गया है शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आज मां जगत जननी मां दुर्गा का विधि विधान से पूजन कर कलश स्थापना की गई माता रानी का भव्य पंडाल वह आकर्षक रंग-बिरंगे झालर लाइट में पूरा नगर में दुर्गा पूजा की धूम मच रही है लगातार 20 वर्षो से मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड के द्वारा आयोजित माता रानी के दरबार में हजारों की संख्या में भक्तगण माता रानी के दरबार पहुंचकर पूजन विधि विधान से भंडारा में शामिल होते हैं जहां माता रानी के दरबार में नगर के उत्साहित बच्चों के द्वारा गरबा डांस सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है माता रानी की आरती पश्चात रोजाना विभिन्न प्रकार के मिष्ठानों का महाभोग माता रानी के दरबार में लगते हैं जहां माता रानी का भंडारा पूरे दिन पूरे भक्ति में माहौल में भक्तो का जन सैलाब उमड़ता है। जहां भक्तों का जन सैलाब में भी उत्साह माता रानी के प्रति देखने को मिलता है नगर पंचायत में एकमात्र मां दुर्गा पूजा का प्रतिमा स्थापित होता है जहां आसपास के 100 ग्राम पंचायत के लोगों का आस्था का केंद्र बना हुआ है जहां गांव-गांव से लोग माता रानी के दर्शन एवं पूजन करने पंडाल में पहुंचते हैं जहां समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि पूरे विधि विधान से माता रानी का 9 दिन भंडारा सहित भव्य पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होते हैं तथा इस वर्ष दशहरा के अवसर पर रावण मेघनाथ कुंभकरण सहित आतिशबाजी का शानदार नजारा सहित शानदार कार्यक्रम भी देखने को मिलेगा जिसका इंतजार पूरा वर्ष प्रतापपुर नगर वासियों को होता है जहां पूरा भरपूर सहयोग नगर वासी करते हैं इस दौरान माता रानी के सेवा में अध्यक्ष अनिल अग्रवाल राजेश गुप्ता कमलेश गुप्ता कंचन सोनी संजय जयसवाल जितेंद्र कश्यप अरविंद जायसवाल विनोद जायसवाल नवीन सोनू जायसवाल संजय तिवारी शेखर शर्मा अनमोल शर्मा अमित सोनी अंकित सोनू रजक गोलू अरमान पछू महाराज निक्कू तायल मां दुर्गा जी के पुजारी अवनीश तिवारी सहित भारी संख्या में नगर वासी माता बहन सक्रिय हैं।

# दुर्गा-पूजा महोत्सव के पहले दिन मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा-पूजा महोत्सव में रंगारंग, सांस्कृतिक एवं कलात्मक कार्यक्रमों की शुरुआत नवरात्र के प्रथम दिन शुरू हुई। इसी कड़ी में आज मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के कुल 85 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनकी प्रतिभा को परखने में मुख्य रूप से निर्णायक मंडल में संध्या सिंह, उषा श्रॉफ, श्रीमती दीप्ति सोनी एवं उषा उपगड़े जी ने महती भूमिका निभाई, एवं विजेताओं का चयन किया गया जिसकी घोषणा 23 तारीख को फाइनल के दिन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी,भुनेश्वर साहू, चंद्रप्रताप सिंह, सुनील साहू, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला, संतोष साहू, सावन केरकेट्टा, राकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, ननकू मुंडा, रोहित सिंह, मिथिलेश साहू, सूरज साहू, डब्लू साहू, विकाश मिश्रा, अमित जायसवाल, राहुल शुक्ला, अनिल दास, एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



# देशी प्लेन शराब की तस्करी एवं स्कूटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन में सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध गतिविधियों में लिप्त संदेहियों पर लगातार पैनी नजर रखकर सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 15 अक्टूबर को थाना कोतवाली पुलिस टीम को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना मिला कि एक संदिग्ध व्यक्ति शंकरघाट खनिज नाका के पास स्कूटी में देशी प्लेन शराब रखकर ग्राहक की तलाश करने हेतु घूम रहा है। पुलिस टीम द्वारा संदेही की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो संदेही द्वारा अपना नाम विद्याधर दास उर्फ छोटू आत्मज पिता पन्ना उम्र 25 वर्ष साकिन असोला समलायापारा अम्बिकापुर का होना बताया। आरोपी के कब्जे मं रखे स्कूटी वाहन की तलाशी करने पर 71 पउवा कुल 12 लीटर 780 मिलीलीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया गया एवं आरोपी से स्कूटी के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर जिला अस्पताल से उक्त स्कूटी को चोरी करना स्वीकार किया गया जो आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध एवं थाना मणीपुर मे वाहन चोरी के मामले मे पूर्व मे दर्ज प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रधान आरक्षक सरके खेस, छत्रपाल सिंह,महेश्वर सिंह, सतीश सिंह, आरक्षक इदरीश खान, जयदीप सिंह, शम्भू पैकरा, सुरेश गुप्ता, कुश सोनी शामिल रहे।




# किसानों के बीच कृषि महाविद्यालय द्वारा किया गया फलदार पौधों का वितरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अम्बिकापुर के चतुर्थ वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थीयों द्वारा रावे कार्यक्रम का अयोजन किया गया।



ग्राम संबलपुर में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार सिन्हा एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सीताराम डुबोलिया, सहायक प्राध्यापक ( कृषि प्रसार) साथ ही साथ अन्य प्राध्यापक डॉ. जहार सिंह डहरिया (पादप रोग विज्ञान), डाँ प्रदीप कुमार भगत (कीट विज्ञान) डॉ. रामाकान्त सिंह सिदार (सस्य विज्ञान) डॉ के. एल पैकरा (कीट विज्ञान), डॉ. वी.के सिंह(सस्य विज्ञान) के द्वारा गांव के किसानों को आम, करौंदा इत्यादि फलदार पौधों का वितरण किया गया। दो महीने से छात्रों द्वारा गांव में किये गए कार्यों का जैसे-कीट नियंत्रण हेतु यैलो स्टिक ट्रैप. ट्राइको कार्ड, बायोपेस्टिसाइड इत्यादि कार्यों का निरिक्षण किया एवं नई कृषि तकनिकियों और जैविक खेती से गांव के किसानों को अवगत कराया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया की पहली कार्यवाही

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर भाजपा महिला प्रत्याशी को जारी किया पहला नोटिस

### भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में बिना अनुमति निकाले रैली तीन दिन में देना होगा जवाब अथवा निर्वाचन व्यय पर जुड़ेगा खर्च

- संवाददाता -
कोरिया,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा किये जाने पश्चात जिले में दण्ड प्रक्रिया सहित की धारा-144 प्रभावशील है, जिसके अनुसार आमसभा, रैली, जुलूस एवं धरना आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत सूचना व अनुमति कानून व्यवस्था से जुड़े सक्षम अधिकारी को लिखित मे लेना- देना आवश्यक है। आज जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कोरिया जिले के सोनहत थाना हेतु गठित उड़नदस्ता दल (एफ.एस.टी) द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के अंतर्गत तहसील सोनहत क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2023 को भरतपुर-सोनहत विधानसभा के महिला प्रत्याशी श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा जनसम्पर्क का कार्यक्रम किया गया।

जानकारी के मुताबिक उड़नदस्ता दल (एफ.एस.टी) द्वारा कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग की क्लिप सहित प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार धारा 144 द.प्र.सं. आदर्श आचार संहिता एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का उल्ल्घंन किया जाना पाया गया। प्रत्याशी श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा इस कार्यक्रम हेतु सम्बंधित कार्यालय से कोई अनुमति प्राप्त नही की गई थी और न ही विधानसभा भरतपुर-सोनहत के रिटर्निंग ऑफिसर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर से जारी कोई अनुमति पत्र उड़नदस्ता दल को अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया।




जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह तत्काल मामले को संज्ञान में लिया व सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त भी की। श्रीमती सिंह कार्यक्रम के दौरान लगभग 40 चार पहिया वाहनों का काफिला शामिल किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुसार काफिले में शामिल 10 वाहनों के बाद 200 मीटर की दूरी रखा जाना चाहिए, किन्तु कार्यक्रम के दौरान इन निर्देशो का उल्लघंन किया गया।

ग्राम पहाड़पारा एवं कटगोड़ी में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान काफिले में वाहनों की अधिकता एवं उन्हें सड़क पर बेतरतीब खड़े किये जाने के कारण आम लोगों का आवागमन बाधित हुआ। ग्राम पहाड़पारा, कटगोड़ी, घुघरा, कैलाशपुर, केशगंवा, सोनहत, पोड़ी, रजौली, भैंसवार, चकडांड़, बुड़ार एवं पुसला चौक में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक स्थान पर लगभग 80 से 100 की संख्या में लोग उपस्थित थे और यह भेंट मुलाकात कार्यक्रम नुक्कड़ सभा के स्वरूप में आयोजित किया गया। कैलाशपुर चौक से सोनहत तक बाईक रैली निकाली गई, जिसमें लगभग 50 बाईक शामिल थे। बाईक रैली हेतु भी सक्षम अधिकारी से कोई अनुमति प्राप्त नही की गई थी। ऐसी तमाम कारणों के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैकुंठपुर-सोनहत विधानसभा के महिला प्रत्याशी श्रीमती रेणुका सिंह को धारा 144 दं.प्र.सं एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर समुचित जानकारी के साथ उपलब्ध कराने का उल्लेख किया गया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कमलेश्वरपुर स्थित हाई स्कूल के पास 13 अक्टूबर की शाम को विपरित दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कुलदीप माझी पिता कुंवर माझी उम्र 34 वर्ष कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केसरा परसापारा का रहने वाला था। वह 13 अक्टूबर को किसी काम से कमलेश्वरपुर बाइक से गया था। वहां से शाम को वापस घर लौट रहा था। रास्ते में हाई स्कूल के पास विपरित दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 5456 के चलाने ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुलदीप गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में कमलेश्वरपुर पुलिस ने दुर्घटनाकारी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# जेल में सुनवाई को लेकर आपत्ति है तो निचली अदालत जाएं,हाईकोर्ट ने खारिज की इमरान की याचिका

**इस्लामाबाद,16अक्टूबर 2023।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को इमरान खान की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने साइफर मामले में जेल में मुकदमा चलाने के खिलाफ अपील की थी। अदालत ने कहा कि सुरक्षा संबंधी मामलों को ध्यान में रखते हुए जेल में सुनवाई पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में थी।

यह एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज (साइफर) से जुड़ा मामला है। इसको लेकर इमरान खान ने दावा किया था कि पिछले साल इसका इस्तेमाल उन्हें सत्ता से हटाने के लिए किया गया। बाद में यह दस्तावेज उनके कब्जे से गायब हो गया।

एक विशेष अदालत इमरान खान के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही है। खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं, जहां उन्हें 26 सितंबर को जिला जेल अटक से स्थानांतरित किया गया था।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख ने चार अक्टूबर को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में जेल में सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की थी।



इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने अदियाला जेल में साइफर मामले की सुनवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज की और खान को इसके लिए विशेष अदालत का रुख करने का निर्देश दिया।

फैसले में कहा गया है कि सुरक्षा संबंधी मामलों को ध्यान में रखते हुए जेल की सुनवाई पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में थी। पीठ ने कहा, जेल की सुनवाई के मामले में कोई दुर्भावना स्पष्ट नहीं है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इमरान खान ने अपनी सुरक्षा को लेकर कई बार चिंता जताई थी। अगर पीटीआई प्रमुख को जेल की सुनवाई को लेकर आपत्ति है तो वह निचली अदालत का रुख कर सकते हैं।

इस महीने की शुरुआत में अदालत ने घोषणा की थी कि खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 17 अक्तूबर को अगली सुनवाई के दौरान अभ्यारोपित किया जाएगा, जो मुकदमे की आधिकारिक शुरुआत होगी।

इमरान खान को अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए अपदस्थ कर दिया गया था। इस्लामाबाद की एक अदालत ने तोशखाना मामले में उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें इस साल पांच अगस्त को जेल में रखा गया था।

पीटीआई प्रमुख अपनी सजा काटने के लिए अटक जिला जेल में बंद थे। बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी सजा निलंबित कर दी थी, लेकिन फिर उन्हें साइफर मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था।

## अमेरिका में सड़क दुर्घटना में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

**न्यूयॉर्क,16अक्टूबर 2023।** अमेरिका के इंडियानापोलिस शहर में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सुखविंदर सिंह ने इंडियानापोलिस के पास ग्रामीण ग्रीनवुड में हुई सड़क दुर्घटना के बाद 13 अक्टूबर को एस्केनाजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट मिलने के बाद उत्तरी फाइव पॉइंट रोड के 700 ब्लॉक पर जॉनसन काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रतिनिधि पहुंचे और तीन लोगों को घायल अवस्था में पाया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, सुखविंदर सिंह की होंडा एकॉर्ड फाइव पॉइंट रोड पर उत्तर की ओर जा रही थी, इस दौरान उन्होंने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते उनकी गाड़ी दूसरी लेन में चली गई और कैडिलैक एस्केलेड गाड़ी से टक्कर हो गई।

## हमास के रॉकेट हमले के खिलाफ इस्राइल का आयरन बीम, सेना ने लेजर एयर डिफेंस तैनात कर पलट दिया पासा!





**येरुशलम, 16 अक्टूबर 2023 ।** हमास के आतंकी हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का देश इस्राइल लगातार सुर्खियों में है। इसी बीच इस देश की तकनीकी श्रेष्ठता पर भी बात हो रही है। दरअसल, इस्राइल तकनीक के मामले में कई देशों से काफी आगे है। बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए समुद्र के खारे पानी को साफ करने की तकनीक की बात करें या सैन्य मोर्चे पर अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की, इस्राइल की चर्चा तकनीक और ताकत के मामले में आत्मनिर्भर होने के कारण सबसे अधिक होती है।

### लेजर एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल शुरू

हमास के आतंकी हमलों से बौखलाए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइली सेना को दुश्मन को चारों खाने चित्त करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। इस्राइल की सैन्य ताकत के बारे में आ रही मीडिया रिपोर्ट्स भी सिहरन पैदा करने वाली है। सेना की ताकत ऐसी है जिससे पूरा इलाका एक हमले में साफ हो सकता है। इसी बीच हमास के रॉकेट हमलों को नाकाम करने के लिए इस्राइली सेना ने अब लेजर एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

### आयरन बीम पूरे देश में तैनात

रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास के रॉकेट को मार गिराने के लिए इस्राइल ने युद्ध में पहली बार लेजर बीम का इस्तेमाल किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइली लेजर बीम के इस्तेमाल की वीडियो भी सामने आई है। खबरों में दावा किया जा रहा है कि अत्याधुनिक इस्राइली हथियार आयरन बीम पूरे देश में तैनात कर दिया गया है।

### दुश्मन के हमलों को नाकाम कर रही सेना

हमास के रॉकेट, ग्रेनेड और मोर्टार के हमलों को नाकाम करने के लिए इस्राइली सेना आयरन बीम लेजर प्वाइंट डिफेंस सिस्टम को एक्टिवेट कर चुकी है। दुश्मन के हमलों को नाकाम करने के लिए इस्राइली सेना के जवान लेजर अटैक की मदद से ड्रोन, रॉकेट, मिसाइल मोर्टार जैसे हमलों को आसमान में ही ढेर कर रहे हैं।

### समय से पहले एक्टिव हुई तकनीक, वीडियो वायरल

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल लेजर डिफेंस सिस्टम को आने वाले कुछ साल में लागू करने की योजना बना रहा था। हालांकि, हमास के हमलों से पैदा हुए आपातकालीन हालात के कारण इस्राइल में लेजर से हमले की तकनीक पहले ही सक्रिय कर दी गई। आयरन बीम लेजर एयर डिफेंस सिस्टम से हमास पर पलटवार करने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रही है। हालांकि, अमर उजाला ऐसे वीडियो के प्रमाणिक होने की पुष्टि नहीं करता।

### 9 साल पहले सामने आई तकनीक

खबरों के अनुसार, तकनीक को पहले छोटे रेंज से होने वाले हमलों को नाकाम करने के लिए बनाया गया था। इसका रेंज 7 किलोमीटर है, लेकिन ये काफी तेज गति से बेहद सटीक मार कर सकता है। हालांकि, लंबी दूरी से हमास के रॉकेट हमलों को मार गिराने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। इस्राइल जिस तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है, इसकी जानकारी करीब 9 साल पहले सामने आई थी।

# गाजा में 199 इस्राइली नागरिकों को बनाया गया बंधक

## ईरान का दावा- हमले रोके जाएं तो लोगों को छोड़ेगा हमास

**यरूशलम, 16 अक्टूबर 2023 ।** इस्राइल और हमास की जंग नौवें दिन भी जारी है। गाजा से आतंकी संगठन हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर हमला बोल दिया था। इस दौरान इस्राइल पर रॉकट की बारिश कर दी गई थी। उसके बाद से यरूशलम की ओर से जवाबी कार्रवाई जारी है। इससे पश्चिम एशिया में हिंसा का महौल है। हमास के हमलों का बदला लेने के लिए इस्राइल ने गाजा में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई की। इस संघर्ष में अब तक 2600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

इस बीच इस्राइल की सेना ने दावा किया है कि हमास ने गाजा में कम से कम 199 इस्राइली नागरिकों को बंधक बना रखा है। इस्राइल के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह आंकड़ा पहले के 120 बंधकों के अनुमानित आंकड़े से काफी ज्यादा है। इस बीच ईरान की तरफ से दावा किया जा रहा है कि हमास बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए इस्राइल को गाजा पर हवाई हमले रोकने होंगे।

### ईरान के विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?



ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अगर इस्राइल गाजा पट्टी पर हवाई हमले रोक देता है तो हमास 200 बंधकों को रिहा कर देगा। हालांकि, आतंकी संगठन की ओर से ऐसी किसी भी पेशकश की पुष्टि नहीं की गई है।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी तेहरान में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि इस्राइल के खिलाफ लड़ाई में ईरान हमास का सबसे बड़ा समर्थक रहा है। हमास के अधिकारियों का कहना है कि वे बंधक बनाए गए नागरिकों को रिहा करने के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार हैं, लेकिन जिस तरह से गाजा में जानलेवा बमबारी की जा रही है, ऐसे में बंधकों की रिहाई के लि जरूरी कदम नहीं उठाए जा सकते।

कनानी ने हमास के हवाले से कहा कि वह इस्राइल के साथ सौदा करने पर विचार करेगा। बीते वक्त में हुए सौदों की तरह इस्राइल की ओर से बंधक बनाए गए हजारों फिलीस्तीनियों के बदले में बंधकों की रिहाई पर बात करेगा। कनानी ने हमास का जिक्र करते हुए कहा कि हमने सुना है कि उन्हें जंगर जारी रखने में कोई समस्या नहीं है। इसके लिए उनके पास जरूरी सैन्य क्षमता है।

### इस्राइल की चेतावनी- हथियार डालो, शायद दया दिखाई जाए

इस्राइल के प्रवासी मामलों के मंत्री अमीचाई चिकली ने कहा कि जहां तक मुझे पता है, हमारे पास 120 से अधिक बंधकों की सूची है। हम उन्हें घर वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह आसान नहीं होगा। जैसा कि आप जानते हैं कि हमास ने दया, मानवीय मूल्य को भी ताक पर रख दिया है। इसलिए हमें हमास से कोई उम्मीद नहीं है। फिर भी हमें विश्वास है कि हम बुद्धिमत्ता, प्रयासों से शायद उनमें से कुछ को बचा सकते हैं।

अमीचाई चिकली ने कहा कि हमास के आतंकवादियों के लिए मेरी सिफारिश है- हथियार डालो, अपने हाथ ऊपर करो, सुरंगों से बाहर निकलो। तब हम शायद आप पर दया दिखाएं। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों को बताना चाहता हूं कि हम समान मूल्यों को साझा करते हैं। हम जीवन को महत्व देते हैं। हम अच्छाई को महत्व देते हैं। हम मानवीय मूल्यों में विश्वास करते हैं।

उन्होंने मैं भारत के नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह क्रूर जिहादी बर्बर इस्लामवादियों के खिलाफ इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर हमारे साथ रहने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सिर्फ हमारा युद्ध नहीं है, यह आपका भी युद्ध है और हम आपके समर्थन से इसे जीतेंगे।

# एमसीएमसी टीम रखेगी पेड न्यूज और राजनीतिक विज्ञापनों पर निगरानी

» राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी, राजनैतिक दलों को दी गई जानकारी

» आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु की गई अपील





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति के अंतर्गत मीडिया प्लेटफार्म में राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन कराने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील भी की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक भी उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी फागेश सिन्हा ने राजनैतिक दलों को जानकारी देते हुए बताया कि एमसीएमसी टीम द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, एफएम रेडियो एवं सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। एमसीएमसी टीम द्वारा निर्वाचन अवधि के दौरान संदिग्ध पेड न्यूज एवं राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। इसके मद्देनजर इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में कोई भी विज्ञापन बिना पूर्व प्रमाणन के प्रसारित नहीं होंगे। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम रेडियो सहित), ई-समाचार पत्र, बल्क एसएमएस व वाईस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे।

मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जायेगी। यह समिति राजनैतिक विज्ञापनों पर भी नजर रखेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। विभिन्न मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन जारी कराने एमसीएमसी समिति से पूर्व अधिप्रमाण करना अनिवार्य होगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले राजनैतिक विज्ञापनों की सतत मानिटरिंग की जायेगी।

एमसीएमसी समिति अंतर्त गठित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया और एफएम रेडियो इकाई प्रसारित व प्रकाशित किए जाने वाले समाचारों का अनुवीक्षण कर पेड न्यूज से संबंधित समाचारों का चिन्हांकन कर एमसीएमसी को प्रस्तुत करेगी। इलेक्ट्रानिक मीडिया अनुवीक्षण इकाई उपरोक्त चारों प्रकार के इकाईयों के अंतर्गत प्रसारित किए जाने वाले समाचारों का अनुवीक्षण करना तथा नेगेटिव न्यूज या फेक न्यूज से संबंधित समाचार का चिन्हांकन कर एमसीएमसी को प्रस्तुत करेगी।

### प्रिंट मीडिया विज्ञापन के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदु

कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान एवं मतदान के एक दिवस पूर्व बिना एमसीएमएसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा।

# लगातार तीसरी बार बेल्ट एंड रोड फोरम का बहिष्कार, भारत की दो टूक-संप्रभुता पर चीन से समझौता नहीं



**बीजिंग,16 अक्टूबर 2023।** चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। भारत लगातार तीसरी बार इसका बहिष्कार करने के लिए तैयार है। विवादास्पद चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और देश की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर भारत ने कहा कि कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार को बीजिंग में सीपीईसी पर बात होगी। संप्रभुता के मुद्दों पर अपना रुख साफ करने के लिए भारत ने इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

### पाकिस्तान के हित में चीन की परियोजना

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छोटे देशों में बीजिंग की परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता पर भी भारत अपना रूख साफ करेगा। सीपीईसी पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। चीन की इस परियोजना को पाकिस्तान के हित में माना जाता है।

### चीन के जाल में फंसे कई देश

खबरों के अनुसार, चीन दो दिवसीय बेल्ट एंड रोड फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (बीआरएफआईसी) का आयोजन कर रहा है। चीन की आलोचना का प्रमुख बिंदु है कि अस्थिर परियोजनाओं के लिए अरबों डॉलर का ऋण दिया गया। अब ये लोन श्रीलंका जैसे छोटे देशों के लिए कर्ज का जाल बन गया है। श्रीलंका जैसे देश गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं।

### पहले भी दो बार बहिष्कार कर चुका है भारत

राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पसंदीदा परियोजना- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के 10 साल पूरे हो रहे हैं। चीन 2017 और 2019 में अपनी मेगा वैश्विक बुनियादी ढांचा पहल के लिए दो अंतरराष्ट्रीय मंचों का आयोजन कर चुका है। भारत दोनों बैठकों से दूर रहा था। ताजा घटनाक्रम में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो बीआरआई सम्मेलनों की तरह भारत इस साल की बैठक में भी हिस्सा नहीं लेगा।

# निर्वाचन में पीठासीन व मतदान अधिकारियों की जिम्मेदारी सबसे महत्वपूर्ण







» चुनाव प्रक्रिया की रीढ़, गंभीरता से प्रशिक्षण लें - जिला निर्वाचन अधिकारी

» शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने मतदान कार्यों के संबंध में प्रथम चरण के प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटपरिया में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के अधिकारियों का मतदान के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने विभिन्न कक्षों में चल रहे इस प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक तथा सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स एवं सेक्टर अधिकारियों के द्वारा कुल 937 पी-0 पीठासीन अधिकारियों और 937 पी-1 मतदान अधिकारियों को मतदान मतदान प्रक्रिया, ईवीएम सीलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर कुंदन ने कहा कि आप सभी चुनाव प्रक्रिया में रीढ़ की हड्डी हैं। प्रशिक्षण को गम्भीरता से लें, आप सभी को एक बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है, अपने कार्य का निर्वहन निष्ठा के साथ करें। उन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने स्वयं पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों से प्रशिक्षण में मिली जानकारी के सम्बंध में सवाल किए एवं मॉक पोल करवाया। इस दौरान प्रशिक्षण के अंत में आंकलन हेतु प्रशिक्षण से सम्बन्धित टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमें 20 सवालों के जवाब दिए गए।

इसी प्रकार 21 अक्टूबर 2023 को मतदान अधिकारी पी2 व पी3 की सहा. प्राध्यापक डॉ आरके मिश्रा एवं एस एन पाण्डेय के द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सर्व डीएलएमटी एवं एएलएमटी के द्वारा 08 नवंबर 2023 को सीनियर सेकेण्डरी होलीक्रास कान्वेंट स्कूल पटपरिया में सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी सीतापुर-11, 09 नवंबर 2023 को कार्मेल स्कूल में सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी लुण्ड्रा-09 एवं 10 नवंबर 2023 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक सीनियर सेकेण्डरी होलीक्रास कान्वेंट स्कूल पटपरिया में सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अम्बिकापुर-10 व भटगांव -05 के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को द्वितीय चरण प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# भाजपा के खिलाफ ही जहर उगलता वीडियो भईयालाल राजवाड़े के समर्थक सलमान का हुआ वायरल

### सलमान बनता है भाजपा का कार्यकर्ता, लेकिन दिल्ली में मीडिया से बातचीत में भाजपा के खिलाफ उगला जहर

### बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े के खास करीबी समर्थक सलमान का वीडियो हुआ वायरल

### वीडियो में भाजपा का विरोध करते नजर आए भाजपा प्रत्याशी समर्थक सलमान अहमद

### सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे वीडियो से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश

### दिल्ली में एक पत्रकार के द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री कौन होगा को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे हैं वायरल वीडियो में सलमान अहमद...

### जवाब के दौरान भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को लेकर उनकी राय कतई भाजपा समर्थक की राय नहीं कही जा सकती

### भाजपा सहित प्रधानमंत्री मोदी को लेकर बिफरते नजर आए सलमान अहमद,वीडियो में देखा सुना जा सकता है

### दिल्ली के मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस शासनकाल को बढ़िया बताते सुने देखे गए सलमान अहमद



-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित हुए भईयालाल राजवाड़े फिर अपनी पुरानी गलतियों के शिकार न हो जाएं फिर पार्टी के लोग उनके तौर तरीकों से नाराज न हो जाएं उनके आगे पीछे अभी से लाइन लगा चुके मतलबी समर्थकों के कारण वह चुनाव में अपेक्षित सफलता न प्राप्त कर सकें इस बात की संभावना बढ़ती जा रही है। भईयालाल राजवाड़े को बैकुंठपुर से भाजपा प्रत्याशी बनाया गया उन्हे पार्टी ने अपने आंतरिक सर्वे में जिताऊ पाया वहीं यह आंतरिक सर्वे जनता के साथ साथ पार्टी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं से भी संपर्क कर संपन्न किया गया जिसकी वजह से उनकी दावेदारी प्रत्याशी बनने का सफर तय कर सकी, लेकिन जैसा देखा जा रहा है जिस तरह भईयालाल राजवाड़े का चुनाव जीतना आसान दिख रहा था कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों में उनका प्रत्याशी बनना उत्साह का विषय बना था वह धीरे धीरे पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं में असंतोष का कारण बनता जा रहा है और इसकी वजह यह मानी जा रही है की भईयालाल राजवाड़े फिर वही गलती दुहराने जा रहे हैं या दोहरा सकते हैं जिसकी संभावना बनती दिख रही है जो गलती उनके पिछले चुनाव में उनके हार का कारण बनी थी, भईयालाल राजवाड़े पिछला चुनाव भी नहीं हारते यदि वह पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को तवज्जो देते ऐसा लोगों का मानना है खासकर भाजपा के की ही अंदर इस बात की चर्चा है,उनका पार्टी कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों से अलग जाकर पार्टी का ही विरोध करने वालों का समर्थन करना पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी करना उन्हे हाशिए पर रखना वाली नीति ही उनकी कमजोरी है और जो फिर वह दोहरा सकते हैं क्योंकि ऐसे मतलबी उनके इर्द गिर्द फिर बेशर्मी से खड़े नजर आ रहे हैं चापलूसी करते नजर आ रहे हैं जिसका कार्यकर्ताओं पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

जिन कार्यकर्ताओं ने पिछले पंद्रह सालों में भाजपा के लिए जी जान लगाया उन्हे भईयालाल राजवाड़े ने तव्वजो नहीं दिया उनकी सुध नहीं ली उन्हे उनके हाल पर ही छोड़ दिया यह आरोप कई बार लगे कुछ को छोड़कर शेष आज भी पार्टी से तो जुड़े हुए हैं लेकिन भईयालाल राजवाड़े से दूर हो गए क्योंकि भईयालाल राजवाड़े जितने के बाद कभी उनके दुख सुख में भी कम ही शामिल हुए बशर्ते वह उनसे घिरे ज्यादा नजर आए जिन्होंने पिछली दो बार की उनकी जीत में न तो मेहनत की न उनका जीत में योगदान ही रहा बस वह चापलूस बेहतर थे इसलिए वह उनके मोह जाल में फंसे रहे और एक चुनाव हार गए,कार्यकर्ता भी चुनाव में हार से दुखी हुए और उन्होंने भी हिम्मत एक बार हारी लेकिन वह पांच सालों का विपक्ष सीना तानकर बनना स्वीकार किए और लड़ते भिड़ते रहे वह सत्ता के जुल्म सहते रहे इस उम्मीद में की फिर जीत मिलेगी और उनका बदला जीत होगा और वह फिर सत्ता तक पार्टी को पहुंचाएंगे और खुद भी सत्ता के साथ जुड़कर उसका आनंद उठाएंगे लेकिन लगता नहीं कार्यकर्ताओं की मंशा पूरी होगी क्योंकि भईयालाल राजवाड़े के आस पास फिर चापलूसों की टोली डेरा जमा चुकी है जो पार्टी कार्यकर्ताओं के आंखो की किरकिरी बन रहे हैं और जिनके कारण कार्यकर्ता खुद को कम उत्साहित मान कर चल रहे हैं। ऐसी ही एक टोली है जो अभी फिर भईयालाल राजवाड़े के आसपास नजर आने लगी है जिसमे तीन युवक शामिल हैं जिनको लेकर कार्यकर्ता अक्रोशित नजर आ रहे हैं।



### क्या भाजपा संगठन पार्टी विरोधी लोगों को करेगा प्रत्याशी से दुर,क्या उन्हे देगा दूर रहने की चेतावनी?

जिस तरह सलमान अहमद नाम के युवक का विडियो वायरल हुआ है जिसमे वह भाजपा की प्रधानमंत्री की बुराई करता नजर आ रहा है जिसका विपरीत असर पार्टी कार्यकर्ताओं पर पड़ रहा है उन्हे अभी से भय सता रहा है क्या भाजपा संगठन ऐसे दोहरे चरित्र वालों को प्रत्याशी से दुर करेगा क्या संगठन प्रत्याशी को सिख देगा की अन्य दलों से आने वाले या शामिल होने वालों से पहले अवसर देखकर रंग बदलने वालों से पहले संगठन के कार्यकर्ता को तवज्जो देना है,यदि संगठन ऐसा करता है तो माना जायेगा की संगठन कम से कम कार्यकर्ताओं के साथ है वरना उनका संगठन पर से विश्वास कम होगा।वैसे भाजपा संगठन को यह सोचना होगा की वह कार्यकर्ताओं के साथ है या वह उनके साथ है जो अवसरवादी है रंग बदलने में माहिर है।

### तीन युवकों की टोली में से एक युवक का विडियो हुआ वायरल

तीन युवकों की टोली में से एक युवक जिसका नाम सलमान अहमद बताया जा रहा है उसका इसी बीच एक विडियो भी भाजपा कार्यकर्ता आपस में वायरल कर रहे हैं जिसमे वह दिल्ली में एक पत्रकार के सवालों का जवाब दे रहा है और पत्रकार के प्रधानमंत्री को लेकर पूछे गए सवाल पर सलमान अहमद बिफरता नजर आता है और कांग्रेस शासनकाल की उपलब्धि का बखान करता है। सलमान अहमद दिल्ली के मुख्यमंत्री का भी बखान करता है वहीं वह वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार कांग्रेस सरकार की तरफदारी भी करता है वहीं वह उत्तरप्रदेश के विकास की बात करने पर एक युवक से बहस भी करता है कुल मिलाकर सलमान अहमद भाजपा देश के प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य सभी भाजपा नेताओं को लेकर अपनी असहमति ही जाहिर करता है,इस दौरान वैसे उसे बीच में ही सवाल जवाबों के भागते देखा जाता है क्योंकि उपस्थित अन्य के सवालों से वह घिर जाता है और जवाब नहीं दे पाता है लेकिन उसकी सवाल जवाब के दौरान जितने समय तक उपस्थिति रहती है वह भाजपा की ही बुराई पर अपना जवाब केंद्रित रखता है। दावा किया जा रहा है की वीडियो हाल का ही है जिसमे लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सवाल जवाब हो रहा है। सलमान अहमद जो भाजपा प्रत्याशी का बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के खास समर्थक माना जाता है वहीं वह अन्य भाजपा नेताओं के साथ भी भाजपा के पिछले कार्यकाल में देखा जाता था का उक्त वीडियो वायरल कर अब भाजपा कार्यकर्ता आपस में यह जिरह कर रहे हैं की क्या भाजपा प्रत्याशी ऐसे ही मतलब परस्त के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं, क्या यही लोग उन्हे जीत दिलवाएंगे? क्या वही लोग भाजपा की नीति रीति आगे ले जायेंगे जिनका आज यहां कल कहां यही तय नहीं है? वीडियो वायरल होने के बाद से ही भाजपा कार्यकर्ता पेशोपेश में हैं वह अब यह जानना चाहते हैं की यदि ऐसे ही मतलबी लोग पार्टी प्रत्याशी के साथ अभी से नजर आने लगे हैं तो उनके जितने के बाद तो यह उनके पीछे ही लगे रहेंगे वहीं वह अन्य कर्मठ पार्टी कार्यकर्ताओं को किनारे ही करने का काम करेंगे जो वह पिछले कार्यकाल में भी भईयालाल राजवाड़े के करते चले आए हैं और कई कर्मठ कार्यकर्ताओं को हाशिए पर पहुंचा चुके हैं। सलमान अहमद का विडियो तेजी से वायरल हो रहा है भाजपा खेमे में और भाजपा प्रत्याशी की विडियो को लेकर राय भी अब भाजपा कार्यकर्ता जानना चाहते हैं की क्या आगे वह साथ रहेगा या उसे बाहर का रास्ता दिखाते हुए उसकी असल जगह पार्टी में भेजा जाएगा।

### भईयालाल राजवाड़े पिछले कार्यकाल में भी घिरे रहते थे पार्टी विरोधी लोगों से...क्या आगे भी होगा...ऐसा यह भी आपस में चर्चा कर रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता

सलमान अहमद का विडियो वायरल हुआ है जो साबित करता है की वह कम से कम भाजपा समर्थक कभी नहीं हो सकता जो विडियो देखकर कहा जा सकता है।सलमान अहमद फिर भाजपा प्रत्यासी के इर्द गिर्द मंडराता देखा जा रहा है वहीं अब उसकी विडियो देखने के बाद कार्यकर्ता पार्टी के आपस में यह बात करते सुने जा रहे हैं की क्या ऐसे लोग फिर भईयालाल राजवाड़े के आसपास नजर आते रहेंगे उन्हे घेरे रखेंगे जिनका पार्टी के लिए मन में जहर भरा हुआ हो,कार्यकर्ता आपस में यह भी सोच विचार कर रहे हैं की पिछले कार्यकाल में भी ऐसे ही कुछ चेहरे भईयालाल राजवाड़े के इर्द गिर्द जमावड़ा किए रहते थे और जो चुनाव के दौरान विपक्षी उम्मीदवार के साथ नजर आते थे लेकिन जीत दर्ज करने के बाद भईयालाल राजवाड़े के साथ नजर आते थे उन्हे पूरी तरह अपनी जकड़ में रखते थे,कुछ अन्य दल के ऐसे भी कर्मठ लोग भईयालाल राजवाड़े के साथ उनके कार्यकाल का मजा उठाते नजर आए थे जिनका वोट कभी भाजपा को नहीं मिला होगा यह भी भाजपा कार्यकर्ता आपस में बात कर रहे हैं वहीं भईयालाल राजवाड़े के चुनाव हारते ही वह अपने पुराने घर में लौट गए थे एक दिन की भी देरी किए बगैर यह भी देखा गया,अब क्या भईयालाल राजवाड़े फिर वही गलती करने जा रहे हैं फिर उनके जीतते ही अन्य दलों के लोग उनके खास होंगे यह पार्टी कार्यकर्ताओं की चिंता है जो सुनाई दे रही है।

### सलमान अहमद पिछले भाजपा शासनकाल में थे भाजपा मंत्री विधायक के खास पर उन्होंने उपलब्धि बताई कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की, क्या वह दिखावे और लाभ के लिए थे भाजपा समर्थक?

अंदर कुछ बाहर कुछ एक कहावत है उसी को चरितार्थ करते नजर आए सलमान अहमद वह पिछले भाजपा शासनकाल में भाजपा मंत्री के करीबी थे वहीं वह भाजपा के कई कार्यक्रमों में भाजपा मंत्री के साथ देखे जाते थे जहां वह खुद को भाजपाई बताने से गुरेज नहीं करते थे,जब भाजपा की सरकार थी वह लाभ कमा रहे थे मान सम्मान मिल रहा था वह भाजपाई थे लेकिन अब उन्हे कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का विकास नजर आ रहा है यहां तक की वह एक बार भी भाजपा के पूर्व मंत्री की बड़ाई करते नजर नहीं आए वायरल विडियो में ,उन्हीं के ऊपर यह कहावत ठीक बैठती है अंदर कुछ बाहर कुछ,यदि उन्हे अभी का शासनकाल अच्छा लग रहा है तो उन्हे किस मजबूरी में भाजपा के प्रत्याशी के पीछे घूमना पड़ रहा है यह भी सवाल है, वैसे वह भाजपा के पूर्व मंत्री जिनके कारण उन्हे कभी मान सम्मान मिला था उनकी बड़ाई कम से कम कर जाते वह अपना हक जता पाते यह भी लोगों का कहना है।

### दूसरे दल विकास करने वाले तो फिर क्यों भाजपा प्रत्यासी के पीछे वह कर रहे समय बर्बाद ,यह भी कार्यकर्ता भाजपा के पूछ रहे सवाल

सलमान अहमद का विडियो भाजपा खेमे में खूब वायरल हो रहा है और अब भाजपा कार्यकर्ता आपस में ही यह चर्चा कर रहे हैं की यदि अन्य दल विकास करने वाले तो फिर यहां भाजपा में वह क्यों आगे पीछे कर रहे हैं वहीं चले जाएं विकास से जुड़ जाएं,भाजपा कार्यकर्ता यह भी कहते सुने जा रहे हैं यह ऐसे लोग हैं जिन्हे जिधर बम उधर हम वाली लाइन पसंद है और यह लें भी इन्हीं के लिए लिखी गई है।

### तीन की तिकड़ी जो है भाजपा प्रत्याशी की करीबी सभी एक से एक,अवसर को लेकर सतर्क

भाजपा प्रत्याशी के आस पास पीछले कार्यकाल से तीन युवकों की तिकड़ी लगातार देखी जाती रही है उन्ही में से एक का विडियो वायरल हुआ है।यह ऐसी तिकड़ी है जो एक साथ रहती भी है,यह तिकड़ी पिछली हार के लिए भी जिम्मेदार मानी गई थी इस बार भी ऐसी ही स्थिति बन रही है कुछ वीडियो से भी वायरल बन रही है जो भाजपा प्रत्याशी के लिए शुभ संकेत नहीं है। अब देखना है इसे भाजपा प्रत्यासी खुद कितनी गंभीरता से लेते हैं या वह इनके गिरफ्त में ही रहना पसंद करते हैं वहीं अन्य ऐसे ही और को भी भाजपा कार्यकर्ताओं से ज्यादा महत्व देते हैं।

# घटती-घटना खबर पर जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया ने लिए संज्ञान,प्रभार से मुक्त हुए जिला शिक्षा अधिकारी...एमसीबी जिला निर्वाचन अधिकारी कब लेंगे संज्ञान..कब हटाए जाएंगे सीएमचओ एमसीबी?

### मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी जिला एमसीबी का अभी भी प्रभार में बना रहना कहीं न कहीं निष्पक्ष चुनाव को लेकर शंका को जन्म दे रहा है...

जिला एमसीबी के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी अभी भी प्रभार में बने हुए हैं जबकि घटती घटना ने आशंका जाहिर की है की गृह जिले के स्वास्थ्य विभाग प्रमुख होने के नाते वह चुनाव प्रभावित कर सकते हैं। वैसे भी एमसीबी जिले के स्वास्थ्य विभाग प्रमुख डॉक्टर सुरेश तिवारी खुद ही राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पहुंच पकड़ रखते हैं और उनका खुद राजनीतिक दलों के नेताओं से सीधा सम्पर्क संबंध है वहीं एमसीबी जिला उनका गृह जिला भी है। स्वास्थ्य विभाग का अमला भी काफी बड़ा होता है निजी अस्पताल जांच केंद्र दवाई दुकान भी नियंत्रण में आते हैं ऐसे में कितना प्रभाव एक स्वास्थ्य विभाग प्रमुख डाल सकता है यह जाना जा सकता है। अब उन्हे क्यों पद पर बने रहने दिया जा रहा है,निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो इस हेतु क्यों नहीं उन्हे चुनाव तक प्रभार मुक्त किया जा रहा है यह सोचने वाली बता है,वैसे जिस तरह जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभार मुक्त किया है वैसे ही एमसीबी जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी को मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी पद से प्रभार मुक्त करना चाहिए चुनाव संपन्न होने तक।

### जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया ने घटती-घटना की खबर पर संज्ञान लेते हुए गृह जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को किया प्रभार से मुक्त

### एमसीबी के जिला निर्वाचन अधिकारी कब लेंगे संज्ञान?...कब हटाए जाएंगे मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी एमसीबी,उनका भी गृह जिला है एमसीबी?

### एमसीबी जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी का राजनीतिक संपर्क भी है जग जाहिर,क्या वह नहीं हटाए जाएंगे चुनाव संपन्न होने तक पद से?









-रवि सिंह-

एमसीबी,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

घटती-घटना ने कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी को लेकर एक खबर प्रकाशित किया था, खबर में यह आशंका जाहिर की गई थी की कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी जिन्हे हाल ही में कोरिया जिले का प्रभार ऐन चुनाव आचार संहिता लगने से दो दिन पूर्व मिला है का गृह जिला है कोरिया और उनके परिवार का सत्ताधारी दल से सीधा जुड़ाव है और प्रत्यक्ष राजनीति में उनके परिवार के कुछ लोग सक्रिय हैं, सत्ताधारी दल के जिलाध्यक्ष भी उन्ही के परिवार के सदस्य हैं और यदि वह जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के पद पर चुनाव में बने रहते हैं वह चुनाव प्रभावित कर सकते हैं क्योंकि शिक्षा विभाग में कर्मचारियों की संख्या अत्यधिक है वहीं निजी स्कूल भी जिला शिक्षा अधिकारी के नियंत्रण में आता है और इस तरह चुनाव प्रभावित करना उनके लिए आसान होगा। वहीं एमसीबी जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वाथ्य अधिकारी को लेकर भी ऐसी ही आशंका जाहिर की गई थी और उनका भी गृह जिला एमसीबी है वह भी जिले में स्वास्थ्य विभाग प्रमुख होने के नाते चुनाव प्रभावित कर सकते हैं क्योंकि स्वास्थ्य विभाग का महकमा भी काफी बड़ा होता है वहीं निजी अस्पताल जांच केंद्र दवा दुकान भी उनके नियंत्रण क्षेत्र में आते हैं ऐसे में उनके लिए भी चुनाव प्रभावित करना आसान होगा वहीं उनकी सेवा भी गृह जिले गृह शहर में ही लगातार जारी है इसलिए उनके लिए काफी आसान होगा चुनाव प्रभावित करना यह आशंका जाहिर की थी घटती घटना ने। दैनिक घटती-घटना की खबर पर कोरिया जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता को चुनाव संपन्न होने तक प्रभार से हटा दिया है वहीं उनकी जगह डीएमसी समग्र शिक्षा जिला कोरिया को जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जो कोरिया जिला निर्वाचन अधिकारी की निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की मंशा को जाहिर करता है वहीं एमसीबी जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी एमसीबी को लेकर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया है और वह पद पर बने हुए हैं जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है की उनकी ऊंची पहुंच पकड़ राजनीतिक अभी भी काम कर रही है और उन्हे नहीं हटाए जाने को लेकर कहीं न कहीं कोई दबाव है जो काम कर रहा है वरना उनका हटना भी फिलहाल तय था।

### जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया का प्रभार वापस लिया जाना,जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया की निष्पक्ष चुनाव को लेकर प्रतिबद्धता मानी जा रही है...

कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर एक हफ्ते भी अभी कार्यभार ग्रहण किए हुए नए जिला शिक्षा अधिकारी को नहीं हुआ था की उनके ऊपर निर्वाचन आयोग की कार्यवाही हो गई,गृह जिले का होना साथ ही जिलाध्यक्ष सत्ताधारी दल के परिवार से होना उनके लिए मुसीबत की बात हो गई और वह प्रभार से हटा दिए गए,उनके प्रभार को वापस लिए जाने को जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया की उस मंशा से जोड़कर देखा जा रहा है जिसमे वह निष्पक्ष चुनाव जिले में संपन्न कराना चाहते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया की यह कार्यवाही सराही भी जा रही है।

### लोकसभा चुनाव तक ऐसे ही गृह जिले में पदस्थ जिला अधिकारी रहेंगे निर्वाचन आयोग के निशाने पर,निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने प्रभार से मुक्त करने जिला निर्वाचन अधिकारी रहेंगे मजबूर

अभी विधानसभा चुनाव में गृह जिले में पदस्थ अधिकारी निर्वाचन आयोग के निशाने पर हैं वहीं विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद लोकसभा चुनाव भी हैं जिसमे भी गृह जिले में पदस्थ अधिकारी निर्वाचन अधिकारी के निशाने पर होंगे। कुल मिलाकर अभी अभी जुगाड लगाकर जिन्होंने भी पद पाया है वह पद का ज्यादा मजा नहीं ले पाएंगे गृह जिले का चुनाव उनको गलत लगने लगेगा यह तय है।

# करोड़ों रुपए की लागत से बना सीसी रोड चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

## क्या ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और कमीशन खोरी चरम पर ?

## आखिर क्यों नहीं होती इस ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी पर कार्यवाही ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,16 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के विकास खंड खड़गवां के अधिकांश पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है जो कई पंचायतों में देखने को मिल रहा है यही कारण है कि शासन द्वारा जिस उद्देश्य से कार्य स्वीकृत किया जा रहा है वही पूरी तरह से विफल होता नजर आ रहा है और ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

यह मामला विकासखंड खंडगवा के विभिन्न ग्राम पंचायतों का है ग्राम जहां मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के मोहल्ले के लिए लाखों रुपए की लागत से सीसी सडक बनाने का कार्य स्वीकृत हुआ है जिसका निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत है किंतु सीसी सड़क का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है और ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें जमकर भ्रष्टाचार किया गया सी सी सड़क निर्माण कार्य में विभाग द्वारा जारी प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया मानक एवं मापदंड के अनुरूप मटेरियल सीमेंट रेत एवं गिट्टी 20 एम एम की जगह पर 30 से 40 एम एम गिट्टी का उपयोग कर धड़ल्ले से गुणवत्ता विहीन सी सी सडक का निर्माण कार्य किया जा रहा है सी सी सडक की जितनी ऊंचाई चौड़ाई लंबाई होनी चाहिए उस मापदंड पर सी सी सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है ? सी सी सडक निर्माण कार्य शासन के स्टीमेट के आधार पर नहीं बनाया गया है जिस के कारण यह सी सी सड़क महज दो माह में ही उखड़ने लगती है और ज़्यादातर सी सी सडक ग्राम पंचायतों में ठेकेदारी प्रथा से किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी का खुला संरक्षण दिया हुआ है जिसका प्रमाण भी विकास खंड के ग्राम पंचायतों में देखा जा सकता है। निर्माण कार्य स्थल पर बोर्ड भी नहीं लगाया गया शासन का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पूर्व निर्माण एजेंसी द्वारा संबंधित कार्य का बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है उसके बाद ही कार्य को शुरू किया जाना है लेकिन निर्माण एजेंसी एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा यहां पर इसका भी पालन नहीं किया गया और सी सी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया गया है इससे स्पष्ट है कि निर्माण एजेंसी एवं संबंधित जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति कितने जिम्मेदार हैं और शासन प्रशासन के नियम कि खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे बोर्ड तो निर्माण कार्य की राशि ठेकेदार को प्राप्त होने के बाद बनाया जाता है।




### गुणवत्ता व मापदंड के अनुरूप नहीं हो रहा सीसी निर्माण

जब से खड़गवां ग्रामीण यांत्रिकी विभाग खड़गवां में इंजिनियर के पद पर पदस्थ थे उसके बाद प्रमोशन में अनुविभागीय अधिकारी बनकर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग खड़गवां में पुनः पदस्थ हुए हैं तब से लेकर कर आज तक के कार्यकाल में जितने भी सी सी से संबंधित निर्माण कार्य हुए हैं उनकी गुणवत्ता और मापदंड के अनुरूप नहीं हुए हैं इसकी जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा?

### स्वीकृत राशि का आधा भाग पहले ही हो जाता है खत्म

ग्राम पंचायत सरपंच सचिव के द्वारा गुणवत्ता विहीन सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है। जनपद पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में कमीशन खोरी इतनी हावी है स्वीकृत राशि का 40 से 50 प्रतिशत तक पहले ही राशि खत्म हो जाती है। जनपद पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारीओ को अलग अलग प्रतिशत कमीशन की मांग करते हैं सभी को देना पड़ता है तो सी सी सड़क का निर्माण मानक एवं मापदंड के अनुसार कैसे होगा।

### जनता की कमाई का हो रहा दुरूपयोग

स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि कुछ महीने पूर्व ही सी सी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था। घटिया और गुणवत्ता विहीन सी सी सडक निर्माण कार्य का जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत दुबछोला और कई ग्राम पंचायतों में है जहां दो माह के अंदर दो बार रिपेयरिंग किया जा चुका है। इस से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के इंजिनियर एवं अनुविभागीय अधिकारी सी सी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कितने जिम्मेदार है जो जनता कि कमाई का दुरुपयोग कर रहे हैं ?

### 14 सालों से पदस्थ है अधिकारी

जब चुनाव आयोग के द्वारा जिले के कलेक्टर एवं एस पी हटा दिए गए मगर खड़गवां मुख्यालय के ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी जो पिछ्ले तेरह से चौदह सालों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं उस चुनाव आयोग हटाना भूल गया क्या?

### क्या कहतें है अधिकारी

इस संबंध में खड़गवां ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के के चौधरी से सीसी सड़कों के संबंध में जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि हमारे द्वारा निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की देखरेख किया जा रहा है अगर कहीं पर गलत दिखाई दे रहा है वहां का भुगतान रोक दिया है जब तक सी सी सडक का निर्माण कार्य पुनः नहीं किया जाएगा तभी निर्माण कार्य की राशि का भुगतान किया जाएगा।

### भ्रष्टाचार में लिप्त है इंजीनियर

जानकारों की मानें तो खड़गवां जनपद पंचायत के इंजीनियर गले तक भ्रष्टाचार में लिप्त है कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी और इंजिनियर कार्यालय में बैठे बैठे ही सभी कार्यों की पूर्ति करते हैं क्योंकि इंजीनियर एवं अनुविभागीय अधिकारी को सड़क की गुणवत्ता से नहीं अपने कमीशन से मतलब होता है जिसका प्रमाण क्षेत्र के निर्माण कार्य है जो अपनी हकीकत खूद बयां कर रहे हैं ?

जिस तरह दुबछोला सरपंच द्वारा कार्य कराया गया है उसी तरह अन्य ग्राम पंचायतों में भी कार्य कराया जा रहा है वह बद से बदतर हैं और चंद समय के लिए ही निर्माण का लाभ ग्रामीणों को मिलने आशंका है? जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण ग्राम पंचायत मे हो रहे निर्माण कार्य को देखा

### कड़ी कार्यवाही की आवश्यकता

जा सकता है। ऐसे में शासन की महत्वपूर्ण योजना पर पूरी तरह से पलीता लग रहा है जिसके कारण शासन द्वारा स्वीकृत राशि भी खर्च हो रही है और लोगों को उसका फायदा भी नहीं मिल पा रहा है ऐसे गैर जिम्मेदार सरपंच सचिव एवं कार्य को करने वाले गैर जिम्मेदार इंजिनियर सीईओ प ' जिला प्रशासन को कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता है ताकि इन्हें कार्यवाही का भय बना रहे और भविष्य में इस तरह की गुणवत्ताहीन निर्माणों की पुनरावृति अन्य किसी भी पंचायतों में ना हो सके और शासन की मंशा भी सफल हो सके?

# चुनाव तो अभी आया है,मैं तो 12 माह जनता के बीच रहकर चुनाव लड़ता हूं : जयसिंह

-संवाददाता-
कोरबा,16 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रेस वार्ता लेते हुए कहा के प्रदेश के सभी मंत्रियों के टिकट कांग्रेस ने फाइनल किये हैं ,जिसमें कोरबा विधायक और राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी शामिल हैं । जयसिंह ने टीपी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैने पिछले तीन चुनाव लगातार जीते हैं । पार्टी ने मुझ पर चौथी बार भरोसा जताया है । इसके लिए मैं केंद्रीय नेतृत्व का प्रति आभार प्रकट करता हूं । पहली बार मैं कुछ 587 वोट से चुनाव जीता था । दूसरी बार 14000 और तीसरी बार 11000 से अधिक मतों से जीत हासिल की थी द्य सब मिलाकर लगभग 27000 वोट होते हैं. इस बार इन तीनों चुनाव को मिलाकर इससे अधिक 30000 वोट के अंतर से चुनाव जीतूंगा। मैं अब जनता के बीच जाकर इन पांच सालों में प्रदेश सरकार द्वारा जो कार्य

शहर का सौंदरीकरण से लेकर मेडिकल शिक्षा और अंग्रेजी माध्यम की स्कूली शिक्षा तक और जो योजनाएं जनता और समाज के उत्थान के लिए चलाए गए उसे बताऊंगा के हमारी सरकार ने अब तक कितना काम किया है । उन्होंने बताया के जब मुझे संगठन ने मरवाही विधानसभा में उप चुनाव का प्रभारी बनाया था तब भी मैंने पहले बता दिया था कि हम 30000 वोटो से चुनाव जीतेंगे और हम 38000 वोटो से चुनाव जीते थे । इस बार की जो मेरी तैयारी है, मैंने जो काम किए हैं. कोरबा में 1320 मेगावाट का पवार प्लांट लगने जा रहा है । बालको के स्मेल्टर का विकास होगा जिससे बड़ी तादात में लोगों को रोजगार मिलेगा । इसके अलावा फिर चाहे वह कोरबा में मेडिकल कॉलेज खुलवाने का काम हो या सात से ज्यादा अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूल का हों, या फिर कोरबा विधानसभा में लगभग 10,000 लोगों के पट्टे का वितरण हो । प्रदेश में सर्वाधिक लोगों को पट्टा मेरे ही विधानसभा में मिला है । उन्होंने आगे कहा के जब से मैं राजस्व मंत्री बना, मुझे यह विभाग मिला तब भी बड़ी चुनौती थे । लोग कहते थे कि इस विभाग में ज्यादा काम नहीं कर पाएंगे, लेकिन मैंने दिखाया कि राजस्व विभाग में रहकर भी किस तरह से काम किया जा सकता है । 100 से ज्यादा तहसीलों का गठन किया, जो पटवारी लोगों को 2 महीने तक नहीं मिलते थे अब आधे घंटे के भीतर तहसीलदार मिल जाते हैं । अंग्रेजों के जमाने के कई राजस्व के जटिल नियमों को विलोपित किया गया । जनता के हित में ढेर सारे काम किए । इसके आधार पर ही अब हम चुनाव में वोट मांगेंगे ।

उन्होंने कहा के इस कार्यकाल जो कुछ काम अधूरे रह गए है उसमे जो अहम कार्य नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाने का था वह कोरबा के एक निष्क्रीय कलेक्टर की पदस्थापना के कारण अधूरी रह गई जिसे बिलासपुर से चुनाव आयोग ने निष्क्रियता के कारण ही हटा दिया है । इसी कलेक्टर के साथ मिलकर बीजेपी के लोगों ने पेंच फंसा दिया था । कलेक्टर ने तब नया ट्रांसपोर्ट नगर के स्थल को परिवर्तित करने का काम किया जिसके चलते नया ट्रांसपोर्ट नगर का पेंच फंस गया । इसमें भाजपा के लोगों की भी संदिग्ध भूमिका रही । लेकिन मेरा वादा है कि आनेवाले कार्यकाल में नया ट्रांसपोर्ट नगर जिस जगह पर प्रस्तावित थी उसी स्थान पर बनाएंगे । उन्होंने आखिर में कहा के चुनाव के लिए मुद्दा खोजते हैं जो चुनाव से पूर्व जनता के बीच जाते है और चुनाव लड़ते है पर मैं 12 महीने जनता बीच रहकर चुनाव लड़ता हूं और इसके लिए मैं तैयार भी रहता हूं और साल भर जनता के बीच रहकर उनके काम करता रहता हूं इसलिए अब केवल मुझे जाकर उनसे निवेदन करना है जो काम मैंने किए हैं,वह उन्हें बताते हुए उनके वर्तमान समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान का भी प्रयास करूंगा जिसके लिए सोमवार से माँ सर्वमंगला के सामने एवं कोरबा कालीबाड़ी जाकर मां काली के सामने माथा टेककर आशीर्वाद लूंगा तत्पश्चात मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान सुरु करूंगा ।





# उरगा पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ की कार्रवाई

### 105 लीटर कच्ची महुआ शराब किया गया जप्त

-संवाददाता-
कोरबा,16 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी उरगा युवराज तिवारी के नेतृत्व मे दिनांक 15/10/2023 को थाना उरगा पुलिस टीम को 105 लीटर महुआ शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई । मुखबिर के सूचना के आधार पर ग्राम पुरैना में आरोपी देवराम चौहान पिता बंधन चौहान उम्र 50 वर्ष निवासी पुरैना के कब्जे से अलग अलग डिब्बों में भरे कुल 105 लीटर महुआ बरामद कर जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनयम के तहत प्रकरण तैयार कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# केराकछार सहित आश्रित ग्रामों में चला मतदाता जागरूकता अभियान




-संवाददाता-
कोरबा,16 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार व स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप के निर्देशन में मतदाता जागरूकता टीम ग्राम केराकछार सहित आश्रित ग्राम दरगा, सरडीह मदनपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन गांवों में मतदाताओं ने कुछ दिन पहले मतदान बहिष्कार करने की बात कही गई थी, जिसे लेकर मतदाता जागरूकता टीम प्रभारी अनिल रात्रे ने अपने टीम के साथ सभी मतदाताओं से रूबरू होते हुए शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। लोगों के बीच मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एक एक वोट का महत्व को समझाया गया। जिससे बिना भय, लोभ व प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही गई। हम इस बार की निर्वाचन में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते हुए सभी लोग मतदान करेंगे। केराकछार के मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन में निष्पक्ष वोट देकर पक्की सड़क बनवाएंगे। साथ ही सभी योजनाएं का लाभ लेंगे। मदनपुर की महिला मतदाताओं ने शपथ लेकर संकल्प किया कि हम खुद भी वोट देने के साथ सभी को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। सबके घर-घर जाकर अवश्य वोट देने जागरूक करेंगे। इस वर्ष 18 साल पूरा करने वाले लड़के, लड़कियों व नई बहुओं का भी नया वोटर कार्ड बनाया गया है। जो पहली बार वोट डालने के लिए उत्साहित है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाल साय स्व0 प्रेम साय निवासी असोला थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया हैकि आवेदक के (दादा) स्व0 विरलो चेरवा आ0 स्व सुना चेरवा मृत्यु की दिनांक 9/11/2008 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पुस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं नयायालयीन मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202310020700035**

**विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**लक्ष्मीपुर (प.ह.न. 00023)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-करमातो पुत्री बिरबर,**
**अनावेदक पक्षकार-करमातो पत्री बिरबल**

**ईश्तहार**

आवेदक करमातो बाई बा0 बीरबल पति दसई,निवास मणीपुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 22/1, 26/1 रकबा क्रमशः 0.356, 0.290 हे0 भूमि को अपने जीवनकाल में अपने उत्तराधिकारीयों के मध्य में बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/11/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202310020700008**

**विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**मणीपुर प.ह.न. 00022 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-दिलीप कुमार राजवाडे,**
**अनावेदक पक्षकार- फुलेश्वरी देवी,**

**ईश्तहार**

आवेदक दिलीप कुमार राजवाडे आ0 कलसाय राजवाडे निवासी ग्राम जगदीशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नंबर 368/19 रकबा 0.016 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में अनावेदक का नाम त्रुटिवश दर्ज नाम को सुधार कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/11/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानगंज (छ.ग.)**

रा0प्र0क्र0-ब-121/2022-23
ग्राम-भदार तहसील-राजपुर

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम-भदार तहसील-राजपुर जिला-बलरामपुर रा0गंज को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बन्धन आ0 पंचन जाति उरांव निवासी भदार तहसील-राजपुर जिला-बलरामपुर रा0गंज द्वारा स्वयं के पत्नी स्व0 चेंगा का मृत्यु स्थान-ग्राम भदार में दिनॉक-27/06/2023 को हुआ है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानतावश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को अगर आपत्ति या दावा हो तो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के साथ दिनॉक 27/10/2023 तक न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉक 27/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
राजपुर
जिला-बलरामपुर-रा0गंज छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309020700069**

**विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**चितावहार (प.ह.न. 00033)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-गुरूचन्द्र, रामदयाल, कपीलदेव, चंद्रिका, अर्जुन राम, शंकर, चम्पा,बाई, फुलपतिया, ताराचंद, गोपाल राम, भोले राम, सिंगी राम, जीवतो, जिरमेन,**
**अनावेदक पक्षकार-अर्जुन राम, शंकर, चम्पा बाई, ताराचंद, गोपाल राम, भोले राम, सिंगी राम, गुरूचन्द्र, रामदयाल, कपीलदेव, चंद्रिका, जीवतो, जिरमेन, फुलमतिया,**

**ईश्तहार**

आवेदक मुकचुन्द उर्फ गुरूचंद्र आ0 रघुनाथ व अन्य निवासी ग्राम चिताबहार तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम चिताबहार स्थित कुल खसरा नंबर 19 कुल रकबा 4.167 हे0 भूमि का उभय पक्ष के मध्य 1/2 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/11/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

CMYK

# मेडेन एचसीएल साइक्लोथॉन ने बनाया एक खास रिकॉर्ड

**चेन्नई,16 अक्टूबर 2023।** सुबह की बारिश शहर के 1,100 से अधिक साइकिलिंग उत्साही लोगों के उत्साह को कम करने में विफल रही, जो देश में एक महत्वपूर्ण और सबसे बड़े साइकिलिंग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ईसीआर मार्ग पर निकले थे। यह आयोजन आईटी दिग्गज एचसीएल द्वारा आयोजित किया गया था, जिसने पहले इस साल मार्च में नोएडा में एक सफल साइक्लोथॉन का आयोजन किया था। टूर्नामेंट को चेन्नई, तमिलनाडु में लाने के पीछे के कारण को समझने के लिए, किसी को संस्थापक की जड़ों, तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले से आने वाले शिव नादर का पता लगाना होगा।

एचसीएल ने शुरुआत में हमारी पर्याप्त उपस्थिति के कारण दौड़ के लिए नोएडा को चुना, जिससे हमें कुछ पहलुओं के साथ प्रयोग करने की अनुमति मिली। एक बार जब वह आयोजन सुचारू हो गया, तो हमने इसे हमारे संस्थापक के जन्मस्थान तमिलनाडु में लाने का फैसला किया, एचसीएल की कॉर्पोरेट संचार प्रबंधक पूजा अरोड़ा ने बताया।

इस आयोजन को एक शानदार सफलता में बदलने के लिए बेहद सावधानीपूर्वक योजना और तैयारी की गई। विशेष रूप से, यह देश में पहली बार हुआ कि अक्कराई से महाबलीपुरम तक 55 किलोमीटर की दूरी को घेर लिया गया और तीन अलग-अलग जिलों के 1300 से अधिक पुलिस कर्मियों को साइक्लिंग कार्यक्रम के लिए तैनात किया गया।

कार्यक्रम के बाद, एसडीएटी के सीईओ/सदस्य सचिव, मेघनाथ रेड्डी ने टिप्पणी की, रविवार को इस खंड को बंद करना वास्तव में एक महत्वपूर्ण चुनौती थी, लेकिन तमिलनाडु सरकार और मंत्रियों ने यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने के लिए मिलकर काम किया। . मुख्य मार्ग पर पांच घंटे की रुकावट के दौरान स्थानीय ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा के लिए भी व्यवस्था की गई थी।




बारिश के कारण सड़कें गीली होने के कारण रास्ता थोड़ा मुश्किल हो गया। इसके अलावा, बारिश ने एक नई चुनौती पेश की जब सवारों की साइकिल के भीतर लगे चिप्स भीगने के बाद खराब हो गए। हालाँकि, आयोजकों ने तुरंत सवारों को आश्वस्त किया कि दौड़ एक फोटो-फिनिश इवेंट थी, और जैसे ही वे फिनिश लाइन पार करेंगे, कैमरे स्वचालित रूप से उनके समापन समय को कैद कर लेंगे।

पहली दौड़ पेशेवर वर्ग के लिए थी जो सुबह 6:00 बजे शुरू हुई और पहला स्थान तमिलनाडु के जोयल संतोष सुंदरम ने हासिल किया, जबकि पंजाब के विश्वजीत सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया।

तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और क्षेत्र में खेल के क्षितिज का विस्तार करने में एचसीएल की भूमिका का तहे दिल से स्वागत किया। टिकाऊ पर्यावरण को बढ़ावा देने और देश में साइकिल चालकों के लिए एक मंच प्रदान करने के साइक्लोथॉन के मिशन पर उदयनिधि स्टालिन ने जोर दिया, जिन्होंने कहा, ÷साइकिल को बढ़ावा देकर, हम न केवल एक खेल को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि तमिलनाडु के लिए एक स्थायी भविष्य को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

÷एचसीएल के अध्यक्ष सुंदर महालिंगम ने अपने ब्रांड-बिल्डिंग कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विशिष्ट खेलों का समर्थन करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर चर्चा की। उन्होंने बताया, ÷जब खेल और फिटनेस की बात आती है, तो दौड़ना मुख्य गतिविधि है। इसलिए, हमने कम अनुयायियों के साथ खेलों का पता लगाने का फैसला किया और साइकिल चलाना स्वाभाविक विकल्प था। आयोजन के पैमाने ने महीनों की सावधानीपूर्वक योजना और विभिन्न प्रशासनों से अटूट समर्थन की आवश्यकता का संकेत दिया। सुंदर ने पूरी प्रक्रिया के दौरान तमिलनाडु सरकार के उत्साह और एसडीएटी की अमूल्य सहायता के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। साइक्लोथॉन के भविष्य के बारे में सुंदर ने इस बात पर जोर दिया कि यह एक बार की घटना नहीं बल्कि एक यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने कहा, ÷हमने नोएडा से सीखा, यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अगले संस्करण में सुधार के लिए चेन्नई से मिले सबक का उपयोग करेंगे।÷

एचसीएल साइक्लोथॉन ने देश भर के साइकिल चालकों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया। सुंदर ने भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ÷लोगों को शामिल करना महत्वपूर्ण है, खासकर साइकिलिंग जैसे खेलों में, जहां नए लोग एक नया जुनून खोज सकते हैं। उनमें से कुछ लोग खेल के प्रति गहरी सराहना विकसित कर सकते हैं, और हमारा उद्देश्य हल हो जाएगा।

सुंदर ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि खेल के दो पहलू हैं÷ खेल की लोकप्रियता बढ़ाना और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना और जमीनी स्तर पर शुरुआत करना और शिखर तक पहुंचने की आकांक्षा करना। पेशेवर वर्ग में महिलाओं की दौड़ असम की खोइरोम रेजिया देवी ने जीती, जिसमें 27 किमी ऊपर और 27 किमी नीचे कुल 55 किमी की दौड़ थी।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होगी क्रिकेट की धूम

**» इन खेलों को भी किया गया शामिल**

**युगोस्लाविया, 16 अक्टूबर 2023।** इंटरनेशनल ओलंपिक समिति यानी आईओसी ने मुंबई में अपने सत्र में 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। 16 अक्टूबर को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईओसी ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में नए खेलों के रूप में क्रिकेट को शामिल किया गया है। वहीं बता दें कि, क्रिकेट इतिहास रचते हुए 120 साल बाद ओलंपिक में वापसी करने जा रहा है। इसके साथ ही बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वैश को शामिल किया गया है।




वहीं क्रिकेट को वैश्विक खेल बनाने की कवायद में इसे पहले कदम के तौर पर देखा जा रहा है। ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। लॉस एंजिलिस 2028 आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो सदस्यों ने विरोध किया। कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश पर हाथ उठाकर मतदान करने के लिए कहा गया। इसके बाद आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने अन्य खेलों के साथ क्रिकेट को भी ओलंपिक में शामिल करने की घोषणा की। इसके पहले ओलंपिक में केवल एक बार क्रिकेट खेला गया था जब वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में इंग्लैंड ने फ्रांस को हरा दिया था।

भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता के मद्देनजर बीसीसीआई ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के आईसीसी के प्रस्ताव का समर्थन किया। बीसीसीआई ने 2021 में अपना मत बदलकर क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का समर्थन किया जबकि पहले उसे लग रहा था कि इसकी स्वायत्ता छिन जायेगी।

इसके साथ ही इटली के ओलंपिक चैम्पियन निशानेबाज और लॉस एंजिलिस 28 के खेल निदेशक निकोलो कैम्प्रियानी ने विराट कोहली की लोकप्रियता का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा ,''हम दुनिया के दूसरे सबसे लोकप्रिय खेल का स्वागत करके रोमांचित हैं जिसके दुनिया में ढाई अरब से ज्यादा फैंस हैं। आपमें से कुछ सोच रहे होंगे कि लॉस एंजिलिस में क्यों? अमेरिका में क्रिकेट के प्रसार को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं और इस साल मेजर लीग क्रिकेट बेहद सफल रही।

# इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बातः राशिद खान

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023।** अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच जीतना टीम के लिए बहुत बड़ी बात है और उम्मीद है कि इस परिणाम से उनके समर्थक भी खुश होंगे।

रविवार के मैच की बात करें तो, अफगानिस्तान ने अपने वनडे विश्व कप इतिहास में सिर्फ एक बार 2015 में जीत हासिल की थी।

लेकिन, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में यह आंकड़ा दो में बदल गया क्योंकि अफगानिस्तान ने गत चैंपियन इंग्लैंड पर 69 रनों की जीत दर्ज की।

मैच में गुरबाज़ और इकराम ने महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाए। वहीं, राशिद ने 23 गेंदों में 22 रन की पारी खेलकर अफगानिस्तान को 49.5 ओवर में 284 रन तक पहुंचाया।



फिर, राशिद ने मुजीब उर रहमान के साथ तीन-तीन विकेट लिए और इंग्लैंड को 215 रन पर समेट दिया।

राशिद ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह जीत हमारे लिए एक बड़ा जश्न है। अफगानिस्तान में उस तरह की स्थिति नहीं है, जहां लोग जश्न मना सकें। मुझे लगता है कि क्रिकेट ही एकमात्र स्रोत है जो उन्हें बहुत सारी खुशियां देता है। हमने बहुत सारे गेम हारे हैं लेकिन फिर भी हमें उनसे जिस तरह का समर्थन मिला वो शानदार है।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात थी, घर पर हमारे फैंस को हम पर गर्व होगा। हाल ही में, हमारे घर अफगानिस्तान में हेरात में भूकंप आया था, जिसमें बहुत से लोगों की जान चली गई थी। कई लोगों के घर बर्बाद हो गए। इस जीत से उनके चेहरे पर थोड़ी मुस्कान आएगी और वे उन कठिन दिनों को थोड़ा भूल सकते हैं।

# ब्राजील के कैसेमिरो का उरुग्वे के खिलाफ खेलने पर सस्पेंस

**रियो डी जनेरियो,16 अक्टूबर 2023।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कैसेमिरो टखने में मोच के कारण मंगलवार को उरुग्वे के खिलाफ ब्राजील के फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।



31 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले गुरुवार को वेनेजुएला के साथ ब्राजील के 1-1 से ड्रा के दौरान चोट लगी थी और कुइआबा में खेल के 79वें मिनट में उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था।

रिपोर्ट के अनुसार, वह तब से सामान्य रूप से प्रशिक्षण लेने में असमर्थ हैं, जिससे मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता पर संदेह पैदा हो गया है।यदि कैसेमिरो समय पर ठीक होने में विफल रहते हैं, तो फ्लूमिनेंसे मिडफील्डर आंद्रे या फ्लेमेंगो के गेर्सन को मंगलवार को शुरुआती बर्थ सौंपी जा सकती है।ब्राजील वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में तीन मैचों में सात अंकों के साथ अर्जेंटीना से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। उरुग्वे तीन अंक पीछे चौथे स्थान पर है।

# ओलंपिक पदक के लिये तैयारी में बदलाव जरूरी

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर 2023।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना आसान नहीं, लेकिन असंभव भी नहीं है लेकिन इसके लिये रणनीति में बदलाव करना होगा और अभ्यास का बेस अमेरिका की बजाय मोरक्को या यूरोप में कहीं रखना होगा। साबले ने हांगझोउ एशियाई खेलों में स्टीपलचेस में स्वर्ण और 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता।

महाराष्ट्र के बीड जिले के मांडवा के रहने वाले 29 वर्ष के इस खिलाड़ी का लक्ष्य ओलंपिक में भालाफेंक (फील्ड) में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण के बाद स्टीपलचेस (ट्रैक) में भारत को पहला पदक दिलाना है। उन्होंने को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' पिछले चार पांच साल में मैने प्रदर्शन में जो सुधार किया है, उससे ओलंपिक में स्टीपलचेस में पदक की उम्मीद जगी है। इसके लियेट्रेनिंग की योजना में बदलाव की जरूरत है। अब सिर्फ टाइमिंग पर फोकस नहीं रखना है। रेस जीतने के लिये रणनीति बनानी पड़ेगी।''

ओलंपिक के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके साबले ने कहा,'' पदक सिर्फ टाइमिंग से नहीं, सटीक रणनीति से मिलते हैं मसलन रेस के दौरान ही फैसले लेना कि कब धीमा भागना है और कब रफ्तार बढानी है।'' राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 1994 के बाद से पोडियम फिनिश करने वाले पहले गैर कीनियाई खिलाड़ी बने साबले ने कहा कि उन्होंने अपने कोचों, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ , भारतीय खेल प्राधिकरण और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के अधिकारियों से बात की है कि अभ्यास का बेस अमेरिका की बजाय मोरक्को या यूरोप में कहीं रखा जाये।''




उन्होंने कहा ,'' अमेरिका के कोलाराडो में दो साल ट्रेनिंग करके मेरा आत्मविश्वास बढा है। वहां ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेताओं के साथ अभ्यास करके भरोसा बढा है कि हम भी ओलंपिक में पदक जीत सकते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन अभी कोलाराडो में मार्च तक बर्फ गिरेगी और ऐसे में वहां ट्रेनिंग करना संभव नहीं। ये चार महीने किसी यूरोपीय देश या मोरक्को में अभ्यास करके नयी चीजें सीखने को मिलेंगी क्योंकि अब अमेरिका में ट्रेनिंग में एकरसता हो गई है। जीतने के लिये कोई कोर कसर नहीं रखना चाहता हूं ताकि बाद में कोई मलाल नहीं रहे।''

साबले ने कहा , ÷मैने कोचों , महासंघ, साइ और टॉप्स से बात की है। मैंने 2020 में मोरक्को के रबात में ट्रेनिंग की है जहां कोर्स ओर सुविधायें अच्छी हैं। मोरक्को में ही इफरान हाई अल्टीट्यूट ट्रेनिंग के लिये अच्छा है जहां मोरक्को के अधिकांश खिलाड़ी अभ्यास करते हैं।'' उन्होंने कहा,'' ओलंपिक से पहले यूरोप के आसपास टाइम जोन या अनुकूलन के लिये अभ्यास करना सही होगा। विश्व चैम्पियनशिप में नाकाम रहने के बाद से ये जेहन में था और एशियाई खेलों से आने के बाद मैने अधिकारियों से बात की क्योंकि पिछले दो साल से मुझे विश्व स्तर पर पदक जीतने का यकीन था लेकिन पदक नहीं मिला तो कुछ बदलाव करके देखते हैं।''

उन्होंने कहा ,'' इसके अलावा सारी डायमंड लीग भी यूरोप में होती हैं तो वहां ट्रेनिंग करना फायदेमंद होगा।'' तोक्यो ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी यूरोप में अभ्यास करते हैं। चोट के कारण 2018 एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सके साबले ने कहा कि वह ओलंपिक के लिये मानसिक तैयारी पर भी फोकस कर रहे हैं। साबले ने कहा ,'' मानसिक तैयारी के लिये योग और ध्यान पर फोकस कर रहा हूं। रेस हारने के बाद अचानक तनाव से उबरने के लिये यह जरूरी है। एशियाई खेलों से पहले किया और फायदा भी मिला। आगे और फोकस करूंगा।'' उन्होने कहा कि वह दौड़ में भारत का बरसों पुराना ओलंपिक पदक का इंतजार खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,''मिल्खा सिंह जी, पीटी उषा मामूली अंतर से ओलंपिक पदक से चूक गए थे। मैने अपनी नाकामियों से सबक सीखे हैं और मैं स्टीपलचेस में ओलंपिक पदक लाना चाहता हूं ताकि आने वाली पीढी इस खेल को समझे और सीखे जैसे नीरज चोपड़ा की कामयाबी के बाद भालाफेंक लोकप्रिय हो गया है।



## सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण लुक हुआ आउट,धमाकेदार एक्शन करती दिखीं एक्ट्रेस

बॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने अपने फैंस को एक खास तोहफा दिया है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना सिंघम वाला लुक शेयर कर दिया है. जी हां, अजय देवगन, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह के बाद दीपिका पुलिस बनकर लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं.

एक्ट्रेस ने अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन से अपना कैरेक्टर फैंस के साथ शेयर किया है . बता दें कि फिल्म में उनके किरदार का नाम शक्ति शेट्टी होगा. वहीं दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो फोटोज पोस्ट की हैं. इन तस्वीरों में पुलिस की वर्दी पहने दिख रही है. फैंस को दीपिका का पुलिस अवतार खूब पसंद आ रहा है. लोग उनके इस लुक की खूब तारीफ कर रहे हैं.

यह पहली बार नहीं हैं जब दीपिका रोहित शेट्टी की फिल्म में काम कर रही हों. इससे पहले वह चेन्नई एक्सप्रेस में शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थी. फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया था. बता दें कि दोनों आपस में बेहद स्ट्रॉन्ग बॉड शेयर करते हैं.

बात दीपिका पादुकोण के वर्कफ्रंट की करें तो दीपिका सिंघम के अलावा फाइटर में नजर आने वाली हैं. फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन दिखाई देंगे. वहीं चर्चा है कि एक्ट्रेस करण जौहर के कॉफी विद करण के सीजन 8 में नजर आएंगी.

# बदलते रिश्तों की कहानी है नानी की हाय नन्ना फिल्म

तेलुगु सिनेमा स्टार नानी की अपकमिंग फैमिली-ड्रामा फिल्म हाय नन्ना ने अपना ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया है। टीजर रिश्तों की बदलती गतिशीलता को दर्शाता है और यह परिवार और प्यार की कहानी है।


फिल्म के ज्यादातर डिटेल्स अभी भी सीक्रेट्स रखे गए हैं इसलिए बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है। टीजर में नानी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के किरदार के बीच सच्चा प्यार होता दिखाई दे रहा है।

हाय नन्ना बदलते रिश्तों के साथ-साथ भावनाएं कैसे विकसित होती हैं, इसकी एक कहानी प्यार, परिवार और सामने आ रही परेशानियों से निपटने की कहानी है। यह पूरा सिनेरियो पीरियड-ड्रामा स्टाइल के सौंदर्यशास्त्र और सोबल म्यूजिक के साथ है।

टीजर को काफी सराहना मिल रही है। मूल रूप से एक पिता होने के साथ-साथ फिर से किसी के प्यार में पड़ने की भावनाओं से कैसे निपटना है और इसके परिणाम क्या हो सकते हैं, फिल्म की कहानी इस पर आधारित है। हाय नन्ना से पहले, नानी को पीरियड-एक्शन-ड्रामा फिल्म दशहरा में देखा गया था, जो आलोचनात्मक और व्यावसायिक दोनों तरह से सफल रही थी। वहीं मृणाल ठाकुर के पास कई प्रोजेक्ट हैं, जो सभी पोस्ट प्रोडक्शन में हैं। इन फीचर में आंख मिचौली, पूजा मेरी जान और पप्पी शामिल हैं।




## अमेजन प्राइम वीडियो ने एस्पिरेंट्स 2 की रिलीज तारीख से उठाया पर्दा, नया पोस्टर भी जारी




एस्पिरेंट्स भारत के टॉप रेटेड शोज में से एक है. ऐसे में फैंस इसके लेटेस्ट सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं अब इस सीरीज को लेकर एक खास खबर सामने आई है. प्राइम वीडियो ने इस वेब सीरीज के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा कर दी है.

अब प्राइम वीडियो ने की एस्पिरेंट्स के नए सीजन के प्रीमियर की घोषणा। एस्पिरेंट्स 25 अक्टूबर को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा. वहीं आईएमडीबी पर इस शो की रेटिंग 9.2/10 है. वहीं अब इस शो का नया सीजन आ रहा है, जिसे लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं. सीरीज की बात करें तो अभिलाष, गुरी और संदीप की यात्रा को फॉलो करेगा क्योंकि वे प्यार, करियर, महत्वाकांक्षा और सपनों के जरिए जीवन को आगे बढ़ाते हैं, जिसमे बहुत ही ज्यादा रिस्क हैं लेकिन इसे देखने में मजा भी खूब आएगा.टीवीएफ द्वारा निर्मित इस शो को अपूर्व सिंह कार्की ने डारेक्ट किया है. इस बार भी शो में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा और नमिता दुबे अहम किरदारों में नजर आएंगे. वहीं एस्पिरेंट्स की कहानी की बात करें तो इसकी कहानी युवाओं के बीच बेहद चर्चित है, जिससे लोग आराम से कनेक्ट कर सकते हैं. इस सीरीज के किरदारों के जरिए दोस्ती, प्यार और करियर के बीच की साझेदारी को बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है.


इस खास मौके पर टीवीएफ ओरिजिनल्स के प्रमुख श्रेयांश पांडे ने कहा कि सालों से बनते आ रहे कंटेंट पर हमें गर्व है, जिसमें से एक एस्पिरेंट्स भी है. इस वेब सीरीज ने पूरे भारत में आईएमडीबी चार्ट में टॉप पोजिशन हासिल की है. इसकी कहानी बेहद दिलचस्प है. प्राइम वीडियो और टीवीएफ की अब तक एक मजबूत जर्नी रही है और हमें उम्मीद है कि हमारे इस प्रोजेक्ट का नया सीजन भी दर्शकों को खूब पसंद आएगा.

# सौरभ के 6 पार्टनर के घर ईडी की दबिश

» काली कमाई से ढेर सारे धंधे का खुलासा

» सौरभ चंद्राकर बिजनेस पार्टनर दीपक सावलानी निगम ठेकेदार, पटाखा कारोबार,मेडिकल, कपड़ा व्यापर में खपा रहा था पैसा




**रायपुर/दुर्ग,16 अक्टूबर 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने भिलाई में एकसाथ 6 जगहों पर छापेमारी की है। सोमवार को ईडी के अफसरों की टीम भिलाई- 3 के पटाखा कारोबारी सुरेश धिंगानी, मुख्य सरगना सौरभ चंद्राकर के बिजनेस पार्टनर दीपक सावलानी सहित 6 लोगों के घरों पर दबिश दी। जांच के लिए ईडी के अधिकारी सभी से पूछताछ कर रहे हैं। ईडी द्वारा महादेव सट्टा एप से जुड़े मनी लांड्रिंग केस की जांच अपने चरम पर है। ईडी के अधिकारी सुबह करीब छह बजे पटाखा कारोबारी सुरेश धिंगानी के पदुम नगर भिलाई-3 स्थित निवास पहुंचे। वहां पर सुरेश धिंगानी और उसके बेटे विवेक (बंटी) धिंगानी से पूछताछ जारी है।

दीपक सावलानी ने जयदीप नाम से पासपोर्ट बनवाया था और दुबई गया था। वो करीब सालभर सौरभ चंद्राकर के साथ दुबई में रहा और वहां से वापस लौटकर उसके काले धन को अलग-अलग बिजनेस में निवेश कर रहा था।

### निगम ठेकेदार, चौपाटी,जूस फैक्ट्री पार्टनर था दीपक

नेहरू नगर ईस्ट निवासी दीपक सावलानी निगम का बड़ा ठेकेदार है। वो काफी लंबे समय से भिलाई और हाल ही में बने रिसाली निगम में शासकीय काम ठेके पर लेकर करता रहा है। दीपक को सौरभ चंद्राकर का बिजनेस पार्टनर बताया जा रहा है। नेहरू नगर में सौरभ चंद्राकर की एक संपत्ति है, जहां पर कुछ महीने पहले तक चौपाटी चल रही थी। दीपक सावलानी चौपाटी में सौरभ चंद्राकर का पार्टनर था और जूस फैक्ट्री में भी साझेदार है।

### ईडी की जांच के घेरे में ये सब कारोबारी

सुरेश धिंगानी के समधी व चावल कारोबारी सुरेश कुकरेजा के उत्सव भवन के पास सुंदर नगर स्थित घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। इसके साथ ही नेहरू नगर ईस्ट निवासी दीपक सावलानी और उसके भाई गिरीश सावलानी के घर पर भी ईडी के अधिकारी पहुंचे।दीपक सावलानी सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर का बिजनेस पार्टनर है और उसके काले धन को विभिन्न व्यवसाय में लगाकर उसे सफेद करने का काम कर रहा था।ईडी के अधिकारी सत्यम जींस, दूल्हे राजा कपड़ा दुकान के संचालक विकास बत्रा और भरत मेडिकल स्टोर सुपेला के संचालक भरत रावलानी के घर पर भी पहुंची है। सभी से मनी लांड्रिंग मामले में ईडी के अफसर पूछताछ कर रहे हैं।

## चुने हुए लोगों पर ही हो रही ईडी की कार्रवाई

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगाया आरोप



आज नवरात्री के अवसर पर प्रदेश के सीएम भूपेश बघेल आज सपरिवार डोंगरगढ़ पहुंचे और माँ बम्लेश्वरी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि अमित शाह के प्रवास पर कहा अमित शाह आते है उनके पहले ईडी आती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा ईडी सलेक्टिव लोगों पर ही कार्रवाई कर रही है।

महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में ईडी ने सोमवार सुबह सौरभ चंद्राकर से जुड़े दीपक सावलानी और आधा दर्जन कारोबारियों के दुर्ग भिलाई, राजनांदगांव मे यहां दबिश दी है। इनमें सौरभ जायसवाल, वार्ड 29 राहुल नगर, राजनांदगांव, भरत रमानी मेडिकल कारोबारी ईडब्ल्यूएस 205 वैशाली नगर भिलाई, परमजीत उर्फ पम्मी सरदार, गिरीश सावलानी नेहरू नगर भिलाई, सुरेश कुकरेजा अनाज कारोबारी सुंदर नगर भिलाई, सुरेश धिंगानी संचालक धिंगानी फायर वर्क्स कारोबारी पदुमनगर, भिलाई, विकास बत्रा संचालक दूल्हे राजा ग्रुप के बाबा दीप सिंह नगर भिलाई स्थित घर समेत चौहान टावर, रिसाली और पुलगांव स्थित शोरूम पर भी दबिश है।



## फिर लाखों की गड्डी हुई जब्त

### पुलिस को चेकिंग के दौरान मिले 8 लाख रुपए

**बिलासपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।** चुनावी आचार संहिता लागू होते ही छत्तीसगढ़ में चेकिंग अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में बिलासपुर जिला क्षेत्र में सरकंडा थाना के पुलिस ने चेकिंग के दौरान लाखों रुपए कैश जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक(सिटी कोतवाली) पूजा कुमार के मार्गदर्शन में सरकंडा थाना क्षेत्र के सीपत रोड में आकस्मिक चेकिंग पॉइंट लगाया गया था।थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में सीपत रोड बेहतराई चौक में चेकिंग के दौरान एक निजी वाहन से 8 लाख रुपए नकद मिला है। रकम के संबंध में मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज पेश न करने पर पुलिस ने 8 लाख रुपए को जब्त कर लिया। साथ ही जिससे कैश बरामद किया गया है पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। फिलहाल सरकंडा थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

रविवार को भी पुलिस ने देवकीनंदन चौक में चेकिंग पॉइंट में जांच के दौरान एक निजी वाहन से 93 लाख रुपए मूल्य के सोने और अन्य आभूषण जब्त किए थे। वहीं इससे पहले कोतवाली में एक व्यक्ति के पास से 5,61,000 रुपए बरामद किया गया, जिसका वैध दस्तावेज न होने से जब्त किया गया था।

## मोहम्मद अकबर के गढ़ कवर्धा में योगी आदित्यनाथ की एंट्री

» छत्तीसगढ़ चुनाव में बीजेपी खेलेगी हिंदुत्व कार्ड?



**रायपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जहां 20 सीटों पर 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नामांकन फॉर्म भरा जाएगा। जिसमें बीजेपी अपने प्रत्याशियों का नामांकन दर्ज करने बड़े चेहरों के साथ पहुंचेगी। बीजेपी ने कवर्धा से विजय शर्मा को मैदान में उतारा है।

कवर्धा को कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर का गढ़ माना जाता है। बीजेपी के प्रत्याशी विजय शर्मा के साथ नामांकन दाखिल करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। कवर्धा के बीजेपी प्रत्याशी विजय शर्मा का नामांकन 16 अक्टूबर को होगा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ का कवर्धा विधानसभा सीट पर वर्तमान में कांग्रेस के विधायक मोहम्मद अकबर का कब्जा हैं। कवर्धा में कांग्रेस सरकार के दौरान तथाकथित भगवा झंडा लहराने का मामला गरमाया था। जिसमें विजय शर्मा को मुख्या आरोपी बनाया गया था। अब बीजेपी ने विजय शर्मा को ही कवर्धा से चुनावी समर में उतारा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कवर्धा में भगवा झंडा को लेकर उन दिनों मामला बेहद गर्म था।? बीजेपी ने हिंदू वोटरों को साधने के लिए योगी आदित्यनाथ को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी का नामांकन दर्ज कराने लेकर आ रही है।

## निजता के अधिकार का हनन है कॉल रिकॉर्डिंग

» छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने चुपके से की गई रिकॉर्डिंग को सबूत मानने से किया इनकार

**बिलासपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।** गुजारा भत्ता से जुड़े एक मामले में एक पक्ष ने फैमिली कोर्ट में सबूत के तौर पर फोन कॉल रिकॉर्डिंग को पेश किया और सबूत स्वीकार हो गया। दूसरे पक्ष ने फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने बिना इजाजत टेलिफोन पर बातचीत रिकॉर्ड करने को निजता का उल्लंघन करार दिया।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा कि किसी की अनुमति के बिना उसके कॉल रिकॉर्ड करना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें फैमिली कोर्ट ने पति से अपनी पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग बतौर सबूत पेश करने को कहा था।



जानकारी के मुताबिक एक महिला ने अपने पति से भरण-पोषण पाने को लेकर फैमिली कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिस पर पति ने पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाकर गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया। पत्नी के अवैध संबंध को साबित करने के लिए पति ने उसकी कॉल रिकॉर्डिंग फैमिली कोर्ट में दाखिल करने की अनुमति मांगी थी। एडवोकेट वैभव ए गोवर्धन ने बताया कि करीब 10 साल पहले महासमुंद जिले में महिला की शादी हुई थी। कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। पति ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया। पत्नी ने साल 2019 में धारा 125 के तहत भरण पोषण राशि के लिए फैमिली कोर्ट ने अपील दायर कर दी। कोर्ट में पति ने तर्क दिया कि पत्नी का दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध है। इस पर फैमिली कोर्ट ने सबूत पेश करने के लिए कहा, तब पति ने अपनी पत्नी की मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग पेश करने की अनुमति मांगी। फैमिली कोर्ट ने 21 अक्टूबर 2021 को कॉल रिकॉर्डिंग पेश करने की अनुमति दे दी।

### आदेश को हाईकोर्ट में दी चुनौती

इसके बाद महिला ने फैमिली कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसने तर्क दिया कि उसकी अनुमति के बगैर मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग करना निजता के अधिकार का हनन है। महिला की तरफ से एडवोकेट ने निजता के अधिकार पर दिए गए फैसलों का भी हवाला दिया और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किसी भी व्यक्ति की जानकारी के बिना कॉल रिकॉर्डिंग करना गलत है। लिहाजा, फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज किया जाए।हाईकोर्ट के जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद माना कि किसी भी शख्स की बातचीत उसके इजाजत के बगैर मोबाइल पर अगर रिकॉर्ड की जा रही है तो वह गलत है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता के अधिकार का उल्लंघन है। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया।

## डेंगू के 15 मरीज मिल रहे रोजाना

**रायगढ़,16 अक्टूबर 2023(ए)।** जिले में डेंगू ने इस साल पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। जानकर हैरानी होगी कि डेंगू पीड़ितों की संख्या के मामले में रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में टॉप पर है। दो महीनों के भीतर जिले में डेंगू प्रभावित मरीजों की संख्या 1140 पार कर चुकी है। जिले में औसतन हर दिन डेंगू के 15 केस सामने आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इधर अव्यवस्था और लापरवाही को लेकर विपक्ष राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग को दोषी ठहरा रहा है।दरअसल रायगढ़ जिला पिछले तीन चार सालों से लगातार डेंगू की चपेट में आता रहा है। लेकिन इस बार डेंगू ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। जिले में डेंगू प्रभावितों की संख्या 1140 पार हो चुकी है। डेंगू के केसे उन्हीं इलाकों से आ रहे हैं जहां बीते सालों में डेंगू का प्रकोप फैलता जा रहा है।



## चुनाव ड्यूटी से बचने तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं कर्मचारी

**रायपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।** आम चुनाव एक अहम कार्य है और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी इसमें अनिवार्य होती है। चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही निर्वाचन आयोग चुनावी ड्यूटी करने वाले अफसर-कर्मियों की सूची तैयार करने में जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी-कर्मचारी खुद को निर्वाचन कार्यों से अलग करने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं। ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए रायपुर जिले में 350 से ज्यादा कर्मियों ने आवेदन लगाया है।

### ये है आवेदन पत्रों का मजमून

निर्वाचन कार्य से छूट देने के लिए प्रयास में जुटे एक बाबू का आवेदन तो ऐसा भी है कि उसकी कमर में दर्द है और उठने-बैठने में तकलीफ है, इसलिए उसे चुनाव ड्यूटी से छूट दी जाए। वहीं एक महिला ने आवेदन में बताया कि उनका बच्चा यूपीएससी की तैयारी कर रहा है, इसके लिए उसकी देखभाल के लिए उसे चुनाव ड्यूटी से पृथक किया जाए। इसके अलावा अधिकांश मामलों में शुगर और बीपी की बीमारी होने का भी हवाला दिया गया है। वहीं तृतीय श्रेणी की एक महिला ने आवेदन किया है कि उनकी और उनके पति दोनों की




तबीयत खराब रहती है। बच्चे बाहर नौकरी कर रहे हैं। अवकाश चाहिए। वहीं किसी ने रीढ़ की हड्डी में परेशानी होना बताया है। आश्चर्य इस बात का है कि इनमे से आवेदन करने वाले कर्मचारी-अधिकारी कई वर्षों से बिना किसी परेशानी के अपने-अपने विभाग में नौकरी कर रहे हैं।

### महिला आवेदकों की संख्या ज्यादा

निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक ड्यूटी से नाम हटाने के लिए आवेदन करने वालों में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। लोग बच्चों के छोटे होने का हवाला देकर ड्यूटी से हटाने को कह रहे हैं। इसके अलावा पति-पत्नी दोनों के कर्मचारी होने से लोग पत्नी को ड्यूटी से बचाने के लिए ऐसे आवेदन दे रहे हैं। बच्चों की देखभाल के लिए चुनाव से मुक्ति चाहिए। आठ फीसदी आवेदनों में महिलाओं के गर्भवती होने का हवाला दिया गया है।

### मेडिकल बोर्ड से नियमित होगी जांच

छुट्टी के लिए आवेदन करने वालों की जांच के लिए तीन डाक्टरों का पैनल बनाया जा रहा है, जो कि जिला अस्पताल में आचार-संहिता से पहले तक सप्ताह में दो दिन मेडिकल बोर्ड आवेदकों के सेहत की जांच करता था, वह अब रोजाना ऐसे कर्मचारियों की जांच करेगा। अधिकारियों के अनुसार नियमों के तहत ही नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन उस पर भी सीधे जिला निर्वाचन अधिकारी का अप्रूवल होना जरूरी है। इसके बाद उसे एनआइसी द्वारा उसी साफ्टवेयर पर अपलोड किया जा रहा है, जिस साफ्टवेयर से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## बाइक राइडर्स का आतंक

### खतरनाक स्टंटबाजी करने पर हुई कार्रवाई

**रायपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।** नया रायपुर में चार बाइक राईडर पर कार्रवाई की गई है। बता दें इन दिनों नया रायपुर क्षेत्र में मोटर साइकिल पर खतरनाक स्टंट करने वाले बाइक राइडर्स का आतंक मचा हुआ है। दूसरों के जान की परवाह किए बिना ये राइडर्स तेज गति से नया रायपुर क्षेत्र के सड़कों पर बेधड़क अपनी बाइक दौड़ाते हैं। वहीं पुलिस भी इन बेपरवाह बाइक राइडर्स पर लगाम लगाने के लिए इन पर कार्रवाई कर रही है।

मंदिर हसौद थाना क्षेत्रांतर्गत कई स्थानों के सामने अलग-अलग 4 युवकों की ओर से आम सड़क पर बाइक से खतरनाक स्टंट किया जा रहा था। इससे उनके और दूसरों के साथ दुर्घटना होने व मानव जीवन को संकट में डाले जाने की प्रबल संभावना उत्पन्न हो रही थी।



शिकायत मिलने पर मंदिर हसौद थाना और राखी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चारों व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए 21 वर्षीय मधु बघेल, 42 वर्षीय बीरा रेड्डी परशुराम, 22 वर्षीय सुधीर धृतलहरे और 20 वर्षीय मुकेश चन्द्राकर को गिरफ्तार किया। चारों के कब्जे से स्टंट में प्रयुक्त 4 बाइक जब्त कर लिया गया है।

## छत्तीसगढ़ में हवाला कारोबार का पर्दाफाश

» 15 लाख से ज्यादा रकम जब्त

» पुलिस मामलें में करेगी जल्द ही बड़ा खुलासा

**रायगढ़,16 अक्टूबर 2023(ए)।** कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में प्रवेश करने वाले चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल प्रवेश करने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की कड़ी निगरानी कर रही है । साथ ही किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई के लिये फ्लाईंग स्क्वॉड की विभिन्न टीमें सक्रिय है। वहीं वरिष्ठ पुलि अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें पेट्रोलिंग के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहा में वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल में लगी हुई है । इसी क्रम में आज दिनांक 16.10.2023 को थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत एफएसटी टीम एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान छातामुड़ा चौक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान ब्रेजा वाहन क्रमांक सीजी 13 एए0एम0 9487 को चेक किया गया कर में



सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल 44 साल निवासी सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक करने पर बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रूपये बरामद हुआ।

इसी प्रकार सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एम0 टी0 8453 को चेक करने पर कार में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुडा जिला संबलपुर के पास बैग में 4,00,000 रुपए नगद बरामद हुआ । इसी क्रम में एक और टाटा हैरियर कार सीजी 13 ए0आर0 1594 को चेक करने पर कर में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास बैग में ₹9,00,000 नगद बरामद हुआ पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया । विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50,000 रूपये से अधिक संपत्ति के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा । पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 15,64,500रूपयों की विधिवत जप्ती कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है । थाना जूटमिल में सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, एसडीएम श्री गगन शर्मा , सीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा किया गया।

## पहले चरण के लिए दूसरे दिन सात नामांकन पत्र दाखिल

### राजनांदगांव में तीन, डोंगरगांव में दो नामांकन हुए दाखिल

**रायपुर,16 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किये।

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 3, डोंगरगांव में 2 और भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ में एक -एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

प्रथम चरण में बस्तर संभाग के 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

पहले चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

प्रथम चरण में यहां होंगे मतदान

कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव ,केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

## छत्तीसगढ़ में भी बदलेगी मतदान की तारीख

### क्यों दूसरे चरण की वोटिंग आगे बढ़ाने की हो रही है मांग

**रायपुर,16 अक्टूबर 2023 (ए)।** राजस्थान के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी मतदान की तारीख बदलने की मांग हो रही है। राज्य के कई विधानसभा क्षेत्रों में लोग दूसरे चरण की वोटिंग की तारीख आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। राजे य में दूसरे चरण में 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में भी मतदान की तारीख आगे बढ़ाने की मांग उठ रही है।

बता दें कि राज्य की 90 सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में 20 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके लिए 7 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, दूसरे चरण में 70 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख 17 नवंबर तय की है। राजे य के वोटरों का एक बड़ा वर्ग त्योहार को देखते हुए दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर के बाद कराने की मांग कर रहे हैं।




बताते चले कि इस बार 12 नवंबर को दिवाली है। 13 को गोवर्धन पूजा और 15 नवंबर को भाई दूज है। छत्ते तीसगढ़ में दिवाली और गोवर्धन पूजा के दौरान कई दिनों तक आयोजनों का दौर चलता है। वहीं, 17 नवंबर से छठ पूजा का दौर शुरू हो जाएगा जो 20 नवंबर तक चलेगा। ऐसे में 17 नवंबर को मतदान होने से मतदान के प्रतिशत पर असर पड़ सकता है।छत्तीसगढ़ में करीब 25 लाख से ज्यादा उत्तर भारतीय रहते हैं, जो सीधे तौर पर छठ पर्व से जुड़े हैं। राजे य की दूसरे चरण की 70 में से दो दर्जन से जे यादा सीटें ऐसी हैं जहां छठ पर्व का आयोजन बड़े रे तर पर होता है। इनमें भिलाई-दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर जिला के साथ सरगुजा संभाग के लगभग सभी जिलों की विधानसभा सीटें शामिल हैं।

17 नवंबर को मतदान और उसी दिन से छठ पर्व की शुरुआत ने राजनीतिक दलों की भी चिंता बढ़ा दी है। उने हें भी लग रहा है कि छठ की वजह से 17 तारीख को मतदान पर असर पड़ सकता है। ऐसे में दोनों प्रमुख राष्े ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा भी चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के लिए मतदान की तारीख बदलने की मांग करने की तैयारी में हैं।

### शादी की वजह से राजस्थान में बदली गई तारीख

उधर, राजस्थान में शादी समारोहों की वजह से चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख बदल दी है। पहले वहां 23 नवंबर को मतदान होना था, लेकिन उस दिन शादी समारोह की अधिकता को देखते हुए राजनीतिक दलों ने चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने का आग्रह किया था। आयोग ने इसे रे वीकार कर लिया। राजरे थान में अब 25 नवंबर को मतदान होगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)